हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025



# मतगणना : किसी वार्ड में दो प्रत्याशियों को बराबर वोट मिले तो लॉटरी से होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

अक्सर हमने देखा है कि किसी क्रिकेट मैच में दो टीमों के स्कोर बराबर हो जाते हैं तो जीत-हार का फैसला करने के लिए सुपर ओवर कराया जाता है। ऐसे ही हॉकी और फुटबाल जैसे खेलों में पेनॉल्टी शुटआउट से फैसला होता है, लेकिन क्या आपको यह पता है कि यदि निकाय चुनाव में दो प्रत्याशियों को बराबर मत मिल जाए तो फैसला कैसे होगा?

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यदि किसी पद को लेकर दो प्रत्याशियों को बराबर मत मिल जाएंगे तो फैसला लॉटरी से किया जाएगा। चुनाव अधिकारियों की निगरानी में एक पर्ची बनाई जाएगी। बराबर वोट पाने वाले दोनों प्रत्याशियों के नाम उसमें लिखे जाएंगे और जिसकी पर्ची निकलेगी, उसे विजेता घोषित कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय के तहत शहरी सरकार चुनने के लिए कराए गए मतदान को लेकर गिनती का काम कल यानि 15 फरवरी को किया जाना है। सुबह 9 बजे से सभी निकायों में काउंटिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मतगणना स्थल के भीतर प्रत्याशियों को एक अभिकर्ता लेकर आने की अनुमति होगी। हालांकि काउंटिंग टेबल में दोनों में से एक ही बैठ पाएगा। वहीं मतगणना स्थल में कैल्क्यूलेटर को छोड़कर बाकी सभी इलेक्ट्रानिक डिवाईस को प्रतिबंधित रखा गया है।

## मतगणना स्थल में कैल्क्यूलेटर लेकर जाने की अनुमति, शेष इलेक्ट्रानिक डिवाईस प्रतिबंधित

### हर टेबल में तीन कर्मचारी

मतगणना स्थल के भीतर नगर निगम के हर वार्ड के लिए एक टेबल लगाए जाएंगे। हर टेबल में तीन सरकारी कर्मचारी को तैनात किया जाएगा। इनके अलावा पार्षद पद के प्रत्याशियों के एक-एक अभिकर्ता के अलावा मेयर प्रत्याशियों के एक-एक अभिकर्ता को बैठाया जाएगा, जिस वार्ड में जितने बूथ होंगे, उतने राउंड के तहत ही वहां के मतों की गिनती की जाएगी।

**खास बातें**

- अविभाजित जिले के आठ निकाय में 165 वार्ड में कराए गए चुनाव
- 15 फरवरी की सुबह 9 बजे से शुरू होगी मतगणना




### खैरागढ़ में हुआ था टाई

खैरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष को लेकर पिछले चुनाव में ऐसी स्थिति देखने को मिली थी, जब अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों को बराबर मत हासिल हुए थे। जिसके बाद प्रशासन ने लॉटरी के जरिये नगर पालिका अध्यक्ष का चयन किया था। ऐसे में यदि किसी वार्ड में टाई होता है तो फैसला लॉटरी से किया जाएगा।

### त्रि-कोणीय मुकाबला भी

शहर के 51 वार्ड में कुल 176 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया है। भाजपा और कांग्रेस ने सभी 51 वार्ड में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं दोनों दलों से कई नाराज कार्यकर्ता भी बागी होकर चुनावी मैदान में हैं। ऐसे में शहर में करीबन डेढ़ दर्जन वार्ड में त्रि-कोणीय मुकाबला बना हुआ है। हालांकि आधा दर्जन वार्ड में ही निर्दलीय प्रत्याशी जीत के दावेदार माने जा रहे हैं।

### पंच सफेद, सरपंच नीला, जनपद सदस्य पीला, जिपं सदस्य का गुलाबी मतपत्र

# एक साथ चार वोट डालेंगे ग्रामीण वोटर सभी पद के लिए अलग रंग के मतपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी सरकार चुनने को लेकर मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब ग्रामीण चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। अविभाजित जिले की सवा आठ सौ ग्राम पंचायत में होने वाले चुनाव में ग्रामीण मतदाता कुल चार वोट डालेंगे।

इनमे पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के पद शामिल हैं। एक साथ चार पद पर होने वाली वोटिंग से मतदाता को कोई दिक्कतें ना हो इसके लिए सभी पद के मत पत्र ही अलग रंग के बनाए गए हैं। पंच पद का बैलट पेपर सफेद रंग का होगा। ऐसे ही सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र तैयार किया गया है। ज्ञात हो कि प्रदेशभर में ग्रामीण चुनाव तीन चरण में हो रहे हैं। वहीं हर चरण के मतदान के बाद अगले दिन ही वोटों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जहां मतगणना की तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं प्रशासन आगामी 17 फरवरी से होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की भी तैयारी साथ में कर रहा है। तीन चरण में होने वाले इस चुनाव को लेकर भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। सभी ग्राम पंचायत में मतदान केंद्र में भी तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है।

## मतदान केन्द्रों में चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी

**खास बातें**

- मतदान के अगले दिन ही होगी मतों की गिनती
- ग्रामीण चुनाव में ईवीएम की जगह मतपत्र से मतदान




### दस हजार पद के लिए चुनाव

अविभाजित जिले में करीबन तीन हजार पद को लेकर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं। इनमे राजनांदगांव जिले के 5590 पंच, 404 सरपंच, 95 जनपद सदस्य और 13 जिला पंचायत सदस्य शामिल हैं। ऐसे ही खैरागढ़ जिले के 3641 पंच, 221 सरपंच, 50 जनपद सदस्य और 10 जिला पंचायत सदस्य के पद में चुनाव होंगे। मोहला-मानपुर जिले में - पंच, - सरपंच, 50 जनपद सदस्य और 10 जिला पंचायत सदस्य चुने जाने हैं।

### तीन चरण में चुनाव, 17 फरवरी से शुरूआत

प्रदेशभर के साथ ही अविभाजित राजनांदगांव जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरण में कराए जा रहे हैं। पहले चरण की शुरूआत 17 फरवरी से हो रही है। अविभाजित जिले में राजनांदगांव, मानपुर और छुईखदान ब्लॉक के पहले चरण में 17 फरवरी को चुनाव व 18 को मतगणना होगी। छुरिया, मोहला और खैरागढ़ ब्लॉक में 20 को दूसरे चरण के तहत मतदान और 21 को मतगणना होगी। तीसरे और अंतिम चरण के तहत 23 फरवरी को डोंगरगढ़, डोंगरगांव और अंबागढ़ चौकी ब्लॉक में मतदान और 24 को मतगणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### प्रचार में झोंकी ताकत, गांव में मेला जैसा माहौल

शहरी चुनाव के इतर गांव में इन दिनों प्रचार के चलते मेला जैसा माहौल है। पंच से लेकर सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत चुनाव लड़ रहे नेता लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं। ऐसे में सुबह से लेकर देर रात तक गांवों में हलचल बनी हुई है। बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग भी जगह-जगह देखने को मिल रही है। इसके साथ ही प्रत्याशी ग्रामीण मतदाताओं को रिझाने के लिए कई तरह के स्थानीय कार्यक्रम भी आयोजित करा रहे हैं।

# इंटरनेशनल सायबर ठग गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, अन्य की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंटरनेशनल सायबर ठग गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। इस मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश है।

पुलिस के अनुसार 23 जनवरी को प्रार्थी रूपेश साहू संचालक च्वाईस सेंटर स्टेशन रोड निवासी लखोली ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बैंक ऑफ बड़ोदा स्थित बैंक खाता में 22 दिसंबर 2024 को राजनांदगांव निवासी आशुतोष शर्मा द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक कहीं से ठगी गई रकम कुल 90000 रुपए को मंगाने से प्रार्थी का उक्त बैंक खाता फ्रीज हो गया है।

प्रार्थी की सूचना पर आरोपी आशुतोष शर्मा के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस, 66(सी) आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश करने हेतु टीम गठित किया गया।

## मुबंई से गिरफ्तार हुआ ठगी का आरोपी



### मुंबई में पकड़ाया आरोपी

आरोपी श्रेणिक उर्फ अजय मेहेर निवासी वलसाड गुजरात के मेमोरेंडम के आधार पर कम्बोडिया स्कैम (ठगी) सेंटर के लिए भारत में रहकर ठगी हेतु विभिन्न बैंक खाता प्रोवाइड कराने तथा ठगी से प्राप्त उन्हीं भारतीय रकम से क्रिप्टोकरेंसी खरीदकर वापस कम्बोडिया सायबर ठगों को ट्रांसफर करने का काम करने गिरोह में शामिल आरोपी रोहित महेश कुमार वीरवानी को सायबर टीम द्वारा 10 फरवरी के शाम मुंबई के अंधेरी जोगेश्वरी वेस्ट से हिरासत में लेकर 11 फरवरी को राजनांदगांव लाकर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी का 13 फरवरी तक माननीय न्यायालय के अनुमति प्राप्त कर पुलिस रिमांड लिया गया।

### मोबाइल, एटीएम कार्ड बरामद

पुलिस के अनुसार पूछताछ पर आरोपी रोहित महेश कुमार वीरवानी द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कम्बोडिया स्कैम (ठगी) सेंटर में काम करने वाले अपने भारतीय व चाईनीज साथियों के साथ मिलकर ऑनलाइन ठगी हेतु भारतीय बैंक खाता उपलब्ध कराने का काम करना तथा जब ठगी का रकम उन बैंक खातों में प्राप्त होने पर उसे आरोपी रोहित वीरवानी द्वारा एटीएम से नगद निकालकर उन्हीं पैसों से क्रिप्टोकरेंसी खरीदकर वालेट के माध्यम से अपने भारतीय व चाईनीज साथियों तक कम्बोडिया भेजने का काम करना स्वीकार किया गया। आरोपियों द्वारा कम्बोडिया स्थित स्कैम सेंटर में फर्जी इन्वेस्टमेन्ट कंपनी के नाम से भारतीयों को ठगी का काम करता था। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एंड्राईड मोबाइल सेट व 4 नग एटीएम कार्ड जब्त किया गया है। इस मामले में अन्य आरोपियों की पुलिस को तलाश है।

### पूर्व में भी की गई कार्रवाई

टीम द्वारा सर्वप्रथम आरोपी आशुतोष शर्मा से पूछताछ की गई। आशुतोष शर्मा के मेमोरंडम के आधार पर मामले में 3 आरोपी श्रेणिक कुमार सांघवी 24 साल गुजरात को वलसाड गुजरात से एवं अन्य आरोपी शुभम तिवारी 26 वर्ष निवासी रामनगर डोंगरगढ़, दीपक नरेडी 27 साल ग्राम बसंतपुर पुलिस चौकी मोहारा को उसके निवास से गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पृथक से धारा 319, 317 (4), 112, 61 बीएनएस व धारा 66 (सी) आईटी एक्ट जोड़ी गई है। उक्त तीनों आरोपी को 31 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# गैंदाटोला में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के अंतर्गत शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था बनए रखने ग्राम पंचायत गैंदाटोला में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में आज 13 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विजय साहू के साथ थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव व थाना पुलिस स्टाफ एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम कोटवार द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के मद्देनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने आज थाना गैंदाटोला क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

# दो शिक्षकों ने बच्चों के साथ की मारपीट विभाग ने जांच के बाद किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूली बच्चों से मारपीट के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा छुरिया विकासखंड में पदस्थ दो शिक्षकों को मामले की जांच के बाद निलंबित कर दिया गया है।

छुरिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला हेताड़कसा में पदस्थ सहायक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधान पाठक तेजराम नेताम के विरुद्ध शराब के नशे में स्कूल आने और बच्चों से मारपीट किए जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर संकुल प्राचार्य जोब द्वारा जांच प्रतिवेदन देने और विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया के प्रतिवेदित अनुशंसा के आधार पर शिक्षक की शाला में उपस्थिति में लापरवाही, शिक्षक द्वारा शराब के नशे में शाला आना, पालकों से दुर्व्यवहार करना और बच्चों की पिटाई करना पाया गया। जिसके चलते उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सिविल सेवा आचरण अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ नियत किया गया है।

वहीं दूसरे मामले में शासकीय प्राथमिक शाला लक्ष्मणभरदा विकासखंड छुरिया में पदस्थ सहायक शिक्षक अचल कुमार वैष्णव द्वारा मध्यान्ह भोजन के दौरान शाला में बच्चों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया था, जिस पर संकुल प्राचार्य आतरगांव द्वारा जांच प्रतिवेदन और पंचनामा विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया को सौंपा गया था। संबंधित सहायक शिक्षक द्वारा बीते 11 फारवरी को मध्यान्ह भोजन पश्चात बच्चों द्वारा हल्ला करने पर बच्चों से मारपीट किए जाने का मामला पाया गया। बच्चों की पिटाई करने वाले शिक्षक को सिविल सेवा आचरण नियम के तहत अचल कुमार वैष्णव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ किया गया है।

# बाइक में माडिफाई साइलेंसर दो लोगों से वसूला दस हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी

बाइक के साइलेंसर को माडिफाई कर पटाखा फोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार काफी दिनों से शहरवासियों की यह शिकायत बनी हुई थी कि बाइक के साइलेंसर को मॉडिफाई कर पटाखा फोड़ने से लोगो को परेशानी हो रही है। जिसके तहत 12 फरवरी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू, निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा पाईंट लगाकर साइलेंसर मॉडिफाई कर शहर में पटाखा फोड़ने वाले बुलेट चालकों पर कार्रवाई किया गया। दो बुलेट चालकों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 182 क (4) के तहत कार्रवाई कर कुल 10000 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। साथ ही बुलेट का मॉडिफाई साइलेंसर को जब्त किया गया एवं भविष्य में कभी भी मॉडिफाई साइलेंसर नहीं लगाने हिदायत दिया गया। जिले के सभी बुलेट चालकों एवं शो-रूम संचालकों से अपील है कि वाहन में मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग न करें और न ही विक्रय करें। यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर लगे वाहनों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## स्वच्छता रैंकिंग सुधारने की कवायद, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

# शादी-ब्याह में पार्टी पोपर बैन, प्लास्टिक डिस्पोजल भी प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने की दिशा में नगर निगम आयुक्त ने अब सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। शहर के सभी होटल, भवन और धर्मशाला संचालकों की एक बैठक बुलाकर उन्होंने साफ कर दिया है कि शादी-ब्याह या अन्य किसी भी प्रकार के आयोजन में पार्टी पोपर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा प्लास्टिक से निर्मित डिस्पोजल का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। नियम नहीं मानने पर कठोर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में शहर की स्वच्छता रैंकिंग में लगातार गिरावट देखने को मिली है। वहीं इस बार भी सर्वे के लिए टीम आने वाले महीने में आने वाली है। ऐसे में निगम प्रशासन ने सफाई की दिशा में विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। इसी के अंतर्गत निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सभी होटल, भवन एवं धर्मशाला संचालकों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पर्यावरण को बेहतर बनाने को लेकर कई निर्देश दिए गए हैं।

**खास बातें**

- प्लास्टिक के उपयोग पर अब सख्त कार्रवाई
- बैठक लेकर सभी संचालको को दी गई नियम की जानकारी एवं समझाईश



### मॉनिटरिंग के लिए टीम होगी गठित

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नियम के उल्लंघन करने पर कार्रवाई के लिए टीम का भी गठन कर दिया गया है। यह टीम ही शहर में मॉनिटरिंग का काम भी करेगी। इसके अलावा आम लोगों से शिकायत मिलने पर भी टीम को भेजकर कार्रवाई की प्रक्रिया की जाएगी।

### चस्पा करना होगा नियम


निगम आयुक्त ने साफतौर पर सभी होटल, भवन और लॉन संचालकों को हिदायत दी है कि प्लास्टिक निर्मित डिस्पोजल एवं पार्टी पोपर के उपयोग को प्रतिबंधित का बोर्ड चस्पा किया जाए। वहीं किसी भी बुकिंग से पहले इन नियमों से अवगत कराया जाए। इसके साथ ही गीला एवं सूखा कचरा को अलग-अलग कर स्वच्छता दीदीयों को देने के निर्देश दिए गए हैं।

### दिए गए निर्देश

पार्टी पोपर और प्लास्टिक निर्मित डिस्पोजल के उपयोग करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वहीं जनता से भी अपील है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

- **अतुल विश्वकर्मा**, आयुक्त, ननि

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोगियों के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक माह के पहला एवं तीसरा शनिवार को खैरागढ़ में एवं हर शनिवार को राजनांदगांव में

छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव जैन
एमबीबीएस,डीएनबी (मेडिसिन)
डीएम (कार्डियोलॉजी), एवं एफएससीसी
बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी में पीडीएफ
Adult and Paediatric Interventional Cardiologist

स्थान:- बालाजी हॉस्पिटल व डायग्नोस्टिक सेंटर, सिविल लाईन, साईं मंदिर के सामने, रानी रश्मिदेवी नगर, खैरागढ़
दिनांक 15.02.2025 (शनिवार), समय : दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
स्थान:- डॉ. दीक्षित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, राजनांदगांव | समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
RAILWAY, CSEB, ESIC से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
9098655055/9131456112


Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9238175001 / 9238175002
www.smchospital.in
#Rajesh

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष चुने गए धनंजय गोस्वामी



**खुज्जी।** ग्राम में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 3 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर समिति भंग कर नई कार्रकारिणी का गठन किया गया। नई समिति की गठन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी बुंदा वर्मा तथा सहायक पूनमचंद साहू की उपस्थिति मे संपन्न हुई। अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी, उपाध्यक्ष वेदराम साहू, सचिव सुंदरलाल देवांगन, सह सचिव रामकुमार सोनकर, कोषाध्यक्ष टुमनकुमार टोडर चुने गए। समिति में धन्नू वर्मा, मुरली यादव, गोविंद सोनकर, ललित यादव, लोकेश सोनकर, धनराज साहू को सदस्य एवं अनिल पंसारी प्रधानाचार्य को शामिल किया गया है। उद्बोधन के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री गोस्वामी ने पदभार ग्रहण किया। शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

### कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा



**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय और भौतिक लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरण की समीक्षा करते कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण अविलंब करें। कलेक्टर ने बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सीईओ भारती चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

### दिनेश गुप्ता

**खैरागढ़।** तुरकारी पारा निवासी दिनेश गुप्ता पिंटू पिता स्व विजय गुप्ता 47 साल का बुध-गुरू की दरमियानी रात हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। भाजपा नेता विकेश गुप्ता के अनुज थे। अंतिम संस्कार गुरुवार की दोपहर दाऊचौरा मुक्तिधाम में परिजनों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में हुआ। मुखाग्नि पुत्र हर्षल गुप्ता ने दी।



## प्रशासन से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश

# महतारी सदन के लिए सुरक्षित सरकारी जमीन पर अतिक्रमण

## आचार संहिता के बीच खुलेआम अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बहुचर्चित संजय तापड़यि प्रकरण के बाद सोमनी में फिर से अतिक्रमण का दौर शुरू हो गया है। आचार संहिता लगते ही स्थानीय दबंग नेताओं के संरक्षण में कुछ लोगों द्वारा महतारी सदन के लिए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सुरक्षित भूमि को भी नहीं बख्शा जा रहा है। खुलेआम शासन के आदेश की अवहेलना की जा रही है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

अतिक्रमणकरियों द्वारा सुरक्षित शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर दिया गया है। इसकी शिकायत तहसीलदार मनीष वर्मा तथा कलेक्टर संजय अग्रवाल को की गई है। तहसीलदार द्वारा पहले आवेदन देने की बात की गई, जब उन्हें बताया गया कि हम स्वयं सूचना दे रहे हैं, आपको संज्ञान में लेकर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करना चाहिए। ग्राम पंचायत सोमनी में इसी प्रकार की घटना चुनाव के चलते आम हो जाती है, क्योंकि कोई जनप्रतिनिधि किसी भी अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध में शिकायत नहीं कर पाता है। चुनाव के कारण सभी के मुंह बंद हो जाते हैं, इसीलिए चुनाव आचार संहिता में इन लोगों के हौसले बुलंद होते हैं और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करते हैं। पिछले दो वर्षों से ग्राम पंचायत सोमनी द्वारा संजय तापड़िया के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण जारी है तथा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उक्त जमीन को पंचायत के लिए सुरक्षित किया गया है, लेकिन ग्राम सोमनी में कहीं पर भी कोई भी शासकीय भूमि सुरक्षित नहीं है। आचार संहिता के बीच अवैध अतिक्रमण से प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।



### अतिक्रमण की चपेट में सरकारी जमीन

सोमनी गांव में सरकारी जमीन बहुत ही कम बची हुई है, जो जमीन थी वह पहले ही अवैध अतिक्रमण की चपेट में चली गई है। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। सरकारी योजनाओं के लिए आरक्षित भूमि भी अब सुरक्षित नहीं बच रही है। प्रशासन से शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते कहा है कि सोमनी में इस तरह के अवैध अतिक्रमण लगातार बढ़ते जा रहा है। समय रहते अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है, तो सोमनी में रिक्त सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से अवैध अतिक्रमण होगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सरकारी जमीन नहीं के बराबर है और जो जमीन बची है, उस पर अवैध अतिक्रमणकारियों की गिद्ध की नजर है।

# किरण वैष्णव के लिए पूर्व सांसद मधु ने मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव आज दिनभर डोंगरगॉव एवं छुरिया विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी प्रचार-प्रसार में व्यस्त रहे।

छुरिया विकासखंड के ग्राम गैन्दाटोला में शाम के समय क्षेत्र क्रमांक 11 के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी बीरम मण्डावी एवं क्षेत्र क्रमांक 12 जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी किरण वैष्णव के पक्ष में जनता से मतदान करते की अपील की। अपने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन ने जनता को केन्द्र में सत्तासीन भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार के कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए भाजपा सरकार के उपलब्धियों को गिनाया और ग्रामीण जनता से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशीयों का चयन करके अपने क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करने की अपील की।

### मधु की सभा में उमड़ा सैलाब

क्षेत्र क्रमांक 12 के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव के पक्ष में गैंदाटोला में आयोजित चुनावी सभा में जनसैलाब उमड़ा था। अपने संबोधन में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने इस एतिहासिक सभा के लिए लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। अब इस तरह से यह माहौल बन रहा है उससे गांवों में ट्रीपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने क्षेत्र क्रमांक 12 से श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव को समर्थन देने की ग्रामीणों से अपील की है।

### बी. फार्मेसी का सातवां सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी जो भिलाई से संबद्ध है। जिसका विगत दिवस घोषित बी. फॉर्मेर्सी सातवां सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते शाहिना अंजुम ने 89 प्रतिशत के साथ प्रथम, हेमप्रभा देवांगन ने 84.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय, सौरभ अग्रवाल ने 83.67 प्रतिशत के साथ तृतीय, सौरभ साहू ने 83 प्रतिशत के साथ चतुर्थ एवं रेशमा साहू ने 82.16 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी. कुमार व शिक्षकों को दिया। संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते आशीर्वाद प्रदान किया।

### कबीर सत्संग आज से

**खैरागढ़।** सद्गुरू पारख सेवा संस्थान पिपरिया खैरागढ़ में 14, 15 एवं 16 फरवरी को कबीर सत्संग का आयोजन रखा गया है। सत्संग प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक एवं दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक आयोजित है। उक्त कार्यक्रम में त्याग, वैराग्य, सद्गुण सम्पन्न पूज्य संतश्री प्रेम साहेब कबीर जागु आश्रम बनारस (उत्तरप्रदेश) से पधार रहे हैं। साथ ही क्षेत्रीय एवं आश्रम प्रवासी संतों का दर्शन एवं विचार श्रवण प्राप्त होगा।

# बारहवीं के बच्चों के लिए बिदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक स्नेह और आशीर्वाद समारोह के रूप में आयोजित किया गया था। समारोह की शुरूआत मां सरस्वती की स्तुति के साथ की गई। इसके बाद कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का स्वागत तिलक और पुष्पवर्षा के माध्यम से किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने एक-दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और कक्षा 12वीं के छात्रों के साथ बिताए गए पलों को याद किया गया। कक्षा 12वीं के छात्रों ने कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को दीप प्रदान कर उन्हें आगामी वर्षों में विद्यालय के कार्यों को संभालने की जिम्मेदारी दी और कार्यभार को ग्रहण करने की जिम्मेदारी व विद्यालय की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालन करने में सहभागी बनने प्रेरित किया।

### खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में नृत्य और गायन की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। जिनसे माहौल और भी उत्साही हो गया। शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते अपने विचार साझा किए। समारोह में विद्यार्थियों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकास जोशी और विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### वार्षिकोत्सव में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**ठेलकाडीह।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में रविवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक डॉ राजेश पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय सहायक संचालक डॉ सुमीत अग्रवाल थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एके श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ शारदे एवं माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। रूपाली जांगड़े एवं मनीषा जांगड़े ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। स्वागत के बाद प्राचार्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया। छात्र- छात्राओं ने विविध गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डां पाण्डेय के उदबोधन बाद कार्यक्रम संयोजक डॉ एलसी सिन्हा ने आभार व्यक्त किया। संचालन प्राध्यापक विनय मसियारे एवं रेणुका सिन्हा ने किया।

# पॉलिटेक्निक छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने शिक्षा और भविष्य मे कैरियर निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की वास्तविक दुनिया की जानकारी लेने माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग का औद्योगिक भ्रमण कर विभिन्न औद्योगिक तकनीकों और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली, ताकि वे अपनी शैक्षणिक यात्रा को और अधिक व्यवसायिक दृष्टिकोण से जोड़ सके।

भ्रमण के दौरान उन्हें कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल सीएनसी मशीन, टूल और डाई बनाने, कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, पेन्यूमैटिक और हाइड्रोलिक कंट्रोल जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम ने छात्रों को उद्योग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और उन्हें में आवश्यक कौशल से परिचित कराया। इस दौरान उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाते हुए विभिन्न कोर्सेज और ट्रेनिंग प्रोग्राम्स के बारे में जाना, जो सेंटर द्वारा दिया जाता हैं। भ्रमण में छात्रों ने सेंटर की अत्याधुनिक सुविधाओं और तकनीकी उपकरणों जिनका आजकल ज्यादातर उद्योगों में किया जाता है उसकी कार्यप्रणाली, संचालन और रखरखाव के बारे में विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि एमएसएमई सेंटर का यह प्रयास छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करने में भूमिका निभाने के साथ साथ उन्हे अपने कौशल को उन्नत करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है जो भविष्य में उन्हें रोजगार के अवसरों को बेहतर तरीके से प्राप्त करने में मदद करेगा।

# चंदन ने जनसंपर्क कर मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत राजनांदगांव सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 3 टेडसरा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी चंदन कश्यप अपने चुनाव चिन्ह पतंग छाप को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में लगातार मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक व कार्यकर्ता भी शामिल हो रहे हैं। जिला पंचायत राजनांदगांव सदस्य हेतु क्षेत्र क्रमांक 3 टेडेसरा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी चंदन कश्यप चुनाव चिन्ह पतंग छाप को लेकर लगातार गांव-गांव पहुंचकर मतदाताओं से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में आशीर्वाद मांग रहे हैं। श्री कश्यप सुबह से लेकर देर शाम तक बड़ी संख्या में समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ डोर-टू-डोर मतदाताओं से रूबरू होकर चुनाव में अपनी प्राथमिकताओं को भी बता रहे हैं।

गांव में जनसंपर्क एवं डोर-टू-डोर जनसंपर्क के दौरान उन्होंने ग्राम मनगटा, जोरातरई, नवागांव, मुढीपार का सघन दौरा किया। श्री कश्यप ने बताया कि मतदाताओं से उन्हें बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।

समक्ष :- न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश, डोंगरगढ़
जिला - राजनांदगांव छ.ग
ज्ञापन
विविध व्य.प्र.क. 02/2025
प्रोसेस नम्बर : 121/25
श्रवण तिथि 05/03/2025
सोहन द्रोण वगैरह - आवेदक/वादी
//विरूद्ध//
केनरा बैंक वगैरह - अनावेदक / प्रतिवादी
बनाम आम जनता, जिस किसी का हित हो

आवेदक के द्वारा प्रबंधक केनरा बैंक वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदन अंतर्गत धारा 8 नियम 4 हिन्दु प्राप्तवयता एवं संरक्षकता प्रतिपाल्य अधिनियम 1959 के तहत आवेदक सोहन द्रोण को मोहित द्रोण व यादित्य द्रोण का संरक्षक घोषित किये जाने बाबत पेश किया गया है।

अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि जिस किसी को आपत्ति हो, न्यायालय में पेशी दिनांक 05/03/2025 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यों का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारिख 03/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
अनिष दुबे
जिला न्यायाधीश, डोंगरगढ़
राजनांदगांव (छ.ग.)

## रानी सूर्यमुखीदेवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी-20

# हाईवोल्टेज मुकाबले में बने 406 रन उत्तराखंड ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को खेले गए दो मैचों में मौजूदा चैम्पियनशिप में सबसे अधिक और सबसे कम स्कोर के दो रिकॉर्ड बने। अब तक का सबसे हाई-वोल्टेज मुकाबला झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन और क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के बीच देखने को मिला। इस मुकाबले में दोनों टीमों की ओर से कुल 406 रन बने। यह हाईस्कोरिंग मुकाबला रहा। जिसमें दोनों ही टीमों ने 200 से अधिक रन बनाए। रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड ने जीत दर्ज की।

चैम्पियनशिप का दूसरा मुकाबला डीसीए राजनांदगांव बनाम राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला गया। डीसीए महज 84 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। 9वें ओवर में ही राजस्थान ने 8 विकेट से आसान जीत दर्ज की। उत्तराखंड ने लगातार जीत दर्ज कर लगभग सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। शुक्रवार को दोनों ही सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

**दो सेफा आज-** पहला सेमीफाइनल संध्या 4.30 बजे से एवं दूसरा मुकाबला रात्रि 8.30 बजे से खेला जाएगा।




### उत्तराखंड के हिस्से आई जीत

टूर्नामेंट में बुधवार को झारखंड और उत्तराखंड के बीच रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीम के खिलाड़ियों की आतिशी पारियां देखने को मिली। टॉस हारकर झारखंड पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान में आई। टीम ने 3 विकेट खोकर 201 रन का स्कोर खड़ा किया। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड ने 19वें ओवर में दो विकेट खोकर उत्तराखंड ने 205 रन बनाए। शतक से दो रन से चूके उत्तराखंड के बल्लेबाज विजय शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### राजस्थान की एकतरफा जीत

डीसीए राजनांदगांव बनाम राजस्थान के बीच खेले गए मैच का नतीजा एकतरफा रहा। पहले बल्लेबाजी करते डीसीए 16 ओवर में ऑल आउट होकर 84 रन ही बना सकी। राजस्थान ने महज 9 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 8 विकेट से जीत दर्ज की। दोनों ही मैचों से संदीप सैनी एवं विजय शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र जैन, रणविजय प्रताप सिंह, अमित पंचोली, जसविंदर गुलाटी, विकास अग्रवाल, दीपक पटेल एवं आरिफ मोहम्मद खान ने दिया।

### व्याख्याता का किया सम्मान

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में व्याख्याता अजय पाठक का कार्यक्रमों के संचालन एवं संपादन में सहयोग के लिए प्राचार्य आरके देवांगन ने सम्मान किया। उन्होंने कहा कि शाला में मां सरस्वती प्रतिमा की स्थापना सामुदायिक सहभागिता से किया गया है। इस अवसर पर आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, बिंदु साहू सहित अन्य मौजूद थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अनदेखी: खनिज एवं वन विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

# धान कटाई के बाद जिले में फिर आई अवैध ईंट भट्ठों की बाढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सत्ता बदल गई, सरकार बदल गई लेकिन जिले सहित विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के वनांचल व अंदरूनी ईलाकों में धान कटाई के बाद खाली पड़े खेतों से लेकर वनभूमि पर बेखौफ ढंग से संचालित किए जा रहे अवैध ईंट भट्ठों पर लगाम लगते नहीं दिख रही है। आलम ये है कि ईंट भट्ठा संचालक बड़े ही बेखौफ ढंग से जल, जंगल और जमीन का दोहन कर न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि शासन को भी लाखों का चूना लगा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जिले का खनिज तथा वन विभाग इन अवैध ईंट भट्ठों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हर साल जिले सहित विकासखण्ड पंडरिया में एक बार फिर अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस बार भी विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दुल्लापुर, छीरपानी, झिंगराडोंगरी, कोदवा, बोड़तरा, मलकछरा, सनकपाट, सरईसेत, मंगली, टकटोईया, माठपुर, कामठी विकासखण्ड स. लोहारा के राम्हेपुर, छोटूपारा, कुटकीपारा, बचेड़ी, दैहानडिह, नवघटा, सिल्हाटी, बिडोरा, लाखाटोला, पीपरटोला, बानो पंचायत से सटे हुए जंगल, आमगॉव, जामगॉव, डोठमानवापारा, बासिनझोरी, गोछिया, गांगपुर, सोनपुरी, महराटोला, दनिया, जरहाटोला, भठैलाटोला, सेमरिया, चारभांठा, बिचारपुर, जमुनियां, बीरेन्द्र नगर, दारगॉव, दरिगवां, सहसपुर, सुरजपुरा जं., सिंघनपुरी, खोलवा, पवनतरा, भेण्ड्रा, भागूटोला सहित विकासखण्ड बोड़ला तथा कवर्धा के दर्जनो ग्रामों में अवैध ईंट भट्ठा का कारोबार शुरू हो गया है। हालांकि क्षेत्रवासियों के मुताबिक इन ग्रामों में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार कोई नई बात नहीं है, वर्षाकाल को छोड़कर शेष दिनो में यहां बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्ठा संचालित किए जाते हैं। संचालक सुलभता से संसाधन उपलब्ध कराने वाले जंगलों से लगे अपने खेतों की मिट्टी खोदकर तथा दिहाड़ी के मजदूर लगाकार कच्ची ईंटों का निर्माण कराते हैं और फिर आसपास के जंगलों से ईंट पकाने के लिए आसानी से लकड़ी का इंतजाम भी हो जाता है। संचालक बड़ी आसानी से और बिना रोकटोक पास के जंगलों में दाखिल होकर हरे-भरे पेड़ों को काटकर वहीं छोड़ देते हैं और पेड़ों के सूख जाने के बाद उन्हें भट्ठा तक लाकर भट्ठों में झोंक दिया जाता है। इसी प्रकार संचालक पानी के लिए या तो अपने खेतों में लगे मोटर पंप का उपयोग कर लेते हैं या फिर आसपास से बहने वाली नदी, नालों को बांध दिया जाता है और ईंट निर्माण के लिए पानी की व्यवस्था कर ली जाती है।

### वनभूमि पर चल रहे ईंट भट्ठे



कई बेखौफ ईंट भट्ठा संचालक को सीधे तौर पर वन विभाग के हिस्से के जल, जंगल और जमीन अथवा वनभूमि का उपयोग कर अवैध ईंट भट्ठा संचालित कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक विकासखण्ड पंडरिया और स. लोहारा के कई बीहड़ जंगल के भीतर अवैध ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा है। जहां न तो खनिज विभाग के अधिकारी पहुंच सकते और न ही वन विभाग के अधिकारी कभी झांकने जाते हैं। सूत्रो के मुताबिक विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम सहसपुर, बड़ौदा कला, बड़ौदा खुर्द, पवनतरा, सोनझरी, बचेड़ी, दैहानडिह जं. सहित अन्य ग्रामों की वनभूमि में भी अवैध ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा है।

### विभाग नहीं कर रहा है कार्रवाई

ऐसा नहीं है कि जिले के खनिज तथा वन विभाग के आला अधिकारियों को इन अवैध ईंट भट्ठो की जानकारी नहीं हैं। लेकिन सूत्रों की माने तो विभागीय अधिकारियों ने इस अवैध करोबार पर कार्रवाई करने की बजाए इसे अपनी कमाई का जरिया बना लिया है। जिसके एवज में एक प्रकार से संचालकों को अवैध ईंट भट्ठा संचालन की मूक स्वीकृति मिली हुई है। लोगों का तो यह भी मानना है कि इस अवैध कारोबार में वन विभाग तथा खनिज विभाग के अधिकारियों की हिस्सेदारी तय होने कारण ही आज ईंट के भाव आसमान छू रहे हैं।

### लोगों के बीच ईंटों की अच्छी मांग


यहां बताना लाजमी होगा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद एक बार फिर से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है और दी जा रही है। जिसके चलते ईंट की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि ईंट के इस अवैध करोबार में पहले से भी अधिक लोग जुड़ गए है और बड़े पैमाने में ईंटों का निर्माण कर उन्हें जरूरतमंदों को मनमाने दामों में बेंच रहे हैं।

# एक कहता है सबका साथ सबका विकास तो दूसरा कहता है बंटोगे तो कटोगे: स्वामी निश्चलानंद

- कवर्धा प्रवास पर पहुंचे स्वामी निश्चलानंद महाराज ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज चार दिवसीय प्रवास पर धर्म नगरी कवर्धा पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होने गुरूवार को यूनियन चौक स्थित आशीष, भावेश दुबे के निवास पर एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एक बार फिर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि यह देश सनातनियों का है, हिंदू राष्ट्र उनका अधिकार है। इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र जल्द घोषित किया जाना चाहिए। प्रेसवार्ता में शंकराचार्य महाराज ने राजनीति, धर्म, विज्ञान और कई धार्मिक मान्यताओं पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दिए तथा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। उन्होने सनातन धर्म गुरूओं के मतों में भेद को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि गुरूओं के मतों में कभी भेद नहीं होता, जिनके मतों में भेद होता है वे गुरू नहीं गुरूघंटाल होते हैं। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गुरू वह होता है जिसकी बात में वजन हो, गुरूत्व हो ऐसे गुरूओं की वाणी का कभी खण्डन नहीं होता।



गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने के एक सवाल के जवाब पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की मांग पर गंगा को भारत देश की राष्ट्रीय नदी घोषित किया है। लेकिन आज भी गंगा की स्थिति जस की तस है। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि शासन द्वारा घोषित विषय पर स्थिति स्पष्ट है। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने सनातन धर्म के मंदिरो पर मुस्लिमों के प्रवेश के सवाल पर कहा कि, इस प्रवेश को कौन रोकेगा?

सरकार कहती है कि यह आस्था का विषय है। फिर कश्मीर के कांग्रेसी नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने स्वीकार किया है कि हमारे पूर्वज कश्मीरी पंडित थे। पाकिस्तान से भी यह आवाज आई है कि हमारे पूर्वज क्षत्रिय थे, परिस्थितिवश मुस्लिम हो गए। उन्होने कहा कि जिन्ना और गांधी के बीच हुए समझौते के कारण देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान का गठन किया गया। लेकिन विभाजन के बाद भी जिन्ना की बेटी पाकिस्तान नहीं गई बल्कि मुंबई में बस गई जबकि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पाकिस्तान से भारत आ गए। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि यह सब राजनीति है। मोदी कहते है सबका साथ सबका विकास तो उन्हीं की पार्टी के दूसरे नेता योगी कहते हैं बंटोगे तो कटोगे। शंकराचार्य महाराज ने कहा कि दोनो एक जैसे है।

इन्हें हिन्दुओं के वोट की भी जरूरत है और मुस्लिम वोट की भी जरूरत है। इसलिए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देना, भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने जैसे विषयों पर विलंभ हो रहा है। पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अन्य कई विषयों पर भी पत्रकारों से चर्चा की।

# निकाय चुनाव की मतगणना को लेकर प्रत्याशियों की धड़कने तेज

- फैसले को अब सिर्फ 40 घंटे का ही समय शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वर्ष 2019 में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव की तरह इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में भी मतदान के बाद प्रत्याशियों को परिणामों को लेकर ज्यादा लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है और मतदान के मात्र चार दिनों के अंतराल में ही मतों की गणना की जा रही है।




जबकि वर्ष 2009 में नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान 23 दिसम्बर को किया गया था और मतगणना 27 दिसम्बर को की गई थी। इसी प्रकार वर्ष 2014 के नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान 31 दिसम्बर को किया गया था और परिणामों की घोषणा 4 जनवरी 2015 को की गई थी। लेकिन इस बार मतदान के बाद महज चार दिनो के अंतराल में ही परिणामों का ऐलान होने जा रहा है। जिसे लेकर मतदान के बाद भी मतदाताओं के रूख को भांपने में असमर्थ प्रत्याशियों की धड़कने घंटे दर घंटे करीब आते जा रही मतगणना की तिथि को लेकर बढ़ते जा रही हैं।

अपनी सांसे थामे बैठे इन प्रत्याशियों की किस्मत का फैलला होने में अब महज कुछ घंटे का समय ही शेष रह गया और कवर्धा, पंडरिया नगर पालिका सहित जिले की पांचों नगर पंचायतों के चुनावीरण में अपनी किस्मत आजमा रहे उम्मीदवार भगवान से यही दुआ मांग रहे हैं कि नतीजा उनकी मंशा के अनुरूप तथा उनके पक्ष में हो। गौरतलब है कि जिले की कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्डो से इस बार 71 पार्षद पद के उम्मीदवार और 4 अध्यक्ष पद के उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतरे थे। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, पिपरिया, स. लोहारा, बोड़ला तथा इंदौरी से भी बड़ी संख्या में अध्यक्ष पद तथा पार्षद पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई है।

बीते 11 फरवरी को कवर्धा नगर पालिका के 68.13 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया के 79.23 प्रतिशत, नगर पंचायत पिपरिया के 89.29 प्रतिशत, इंदौरी के 79.77 प्रतिशत, पाण्डातराई के 84.97 प्रतिशत, बोड़ला के 75.68 प्रतिशत तथा नगर पंचायत स. लोहारा के 81.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया और सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हीएम में कैद कर दी।

लेकिन विडंबना ये है कि जिले के नगरीय निकायों में मतदान के इन आंकड़ों को देखकर भी कोई भी प्रत्याशी अपनी सही स्थिति का आंकलन नहीं लगा पा रहा है और उसे बड़ी बेसर्बी से 15 फरवरी को होने वाली मतगणना का इंतजार है। यहां बताना लाजिमी होगा कि मतदाताओं के मिजाज और उस पर कुछ वार्डो में निर्दलीय प्रत्याशियों ने प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों की बेचेनी बढ़ा दी है।

सूत्रों के मुताबिक कवर्धा नगर पालिका में वैसे तो मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच ही है। लेकिन इस बार का नगरीय निकाय चुनाव बीते चुनाव से कुछ हटकर है। क्योंकि इस बार नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष रूप में किया गया है। ऐसे में मतदाता ने किसे चुना है और किस पर भरोसा जताया है इसका फैसला 15 फरवरी को ही होगा।

माना जा रहा है कि तब तक नगरीय निकाय के चुनावीरण में उतरने वाले सभी महारथियों की धड़कने तेज ही रहने वाली है।

# मतगणना स्थल पर कड़ी निगरानी, बिना पास प्रवेश वर्जित

- 15 फरवरी को सुबह 7 .00 बजे खोला जाएगा स्ट्रांग रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरपालिका परिषद, कवर्धा के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ।

मतदान के उपरांत ईवीएम मशीनों को आचार्य पंथ श्री गृंध मुनिनाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। वहीं, निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र जिला कोषालय कबीरधाम के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 15 फरवरी को प्रातः 6.30 बजे जिला कोषालय का स्ट्रांग रूम खोला जाएगा, जहां से निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों को मतगणना स्थल तक लाया जाएगा। इसके बाद प्रातः 7.00 बजे ईवीएम मशीनों के स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। तत्पश्चात, प्रातः 9.00 बजे से मतगणना कार्य शुरू किया

### मतगणना स्थल पर विशेष निर्देश

रिटर्निंग ऑफिसर (नगरपालिका) कवर्धा ने बताया कि मतगणना के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति की जा रही है, इसके लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ दो पासपोर्ट साइज के फोटो संलग्न कर कार्यालय में जमा करने के लिए सूचना दी गई है, तथा पास भी जारी किए जा रहे है। मतगणना हाल में प्रवेश के लिए पास अनिवार्य किया गया है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बिना पास के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अभ्यर्थी स्वयं स्ट्रांग रूम खोलने के समय उपस्थित हो सकते हैं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु निर्देशित कर सकते हैं। मतगणना की प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपूर्ण कार्यवाही संपादित की जाएगी।

# कुण्डा में श्रीमद् भागवत कथा आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

कुण्डा के प्रतिष्ठित नागरिक कृष्णा चंद्राकर के निवास में 14 फरवरी शुक्रवार से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में आयोजक परिवार के सदस्य कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर 14 फरवरी से 22 फरवरी तक नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 14 फरवरी शुक्रवार को गोकर्ण माहात्म्य कथा, 15 फरवरी शनिवार को हिरण्याक्ष वध बाराह अवतार, 16 फरवरी रविवार को भरत चरित्र, 17 फरवरी सोमवार को समुद्र मंथन कथा, 18 फरवरी मंगलवार को रामावतार, कृष्ण जन्म की कथा, 19 फरवरी बुधवार को कृष्ण रुकमणि विवाह सोलह हजार एक सौ आठ विवाह कथा, 20 फरवरी गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा, 21 फरवरी शुक्रवार को दत्तात्रेय प्रसंग 24 गुरुओं की कथा तथा 22 फरवरी शनिवार को परीक्षित मोक्ष वार्षिक श्राद्ध पिण्डदान, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, हवन, भंडारा, विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

श्री चन्द्राकर ने कार्यक्रम में भागवत प्रवक्ता आचार्य पण्डित नूतन शर्मा, प्रायणकर्ता पण्डित शुभम शर्मा, परीक्षित दीपा अजय चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। कथा का समय दोपहर 02 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है।

# सभी सात नगरीय निकायों में महिला अधिकारी-कर्मचारी करेगी मतों की गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कबीरधाम जिले में पहली बार मतगणना कार्य पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। मतगणना आगामी 15 फरवरी को होगी। इसकी तैयारियां की जा रही है। मतगणना कार्य में लगे सभी महिला कर्मचारियो को आज मतगणना से जुड़े सभी निर्देशो को बताया गया एवं प्रशिक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस पहल के तहत जिले में मतगणना कार्य के लिए कुल 270 महिला गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के दौरान महिला कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए सहायक कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, ताकि मतगणना प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कहा कि इस पहल से महिला कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिला कर्मचारियों द्वारा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न की जाने वाली यह मतगणना न केवल मतदान प्रक्रिया की साख को और मजबूत करेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया और नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा एवं इंदौरी में 270 महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें से कवर्धा के लिए 60, पंडरिया के लिए 40, जबकि अन्य सभी निकायों के लिए 34-34 गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक नियुक्त किए गए हैं। । मतगणना कार्य के दौरान महिला कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग देने के लिए पुरुष सहायक कर्मियों की भी तैनाती की गई है, जिससे कार्य की गति और सफलता सुनिश्चित हो सके।

## युवा छात्राओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# नवोदय विद्यालय में किशोरावस्था जागरूकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला, कबीरधाम में किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को आत्म-जागरूकता के साथ-साथ आत्मविश्वास और लचीलापन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ श्रीमती दीप्ति बिंदल राजनांदगांव, ने छात्राओं को इस महत्वपूर्ण जीवन चरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता, भावनात्मक सशक्तिकरण और आत्म-छवि को सकारात्मक रूप से विकसित करने के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि बालिकाओं में निवेश करना बेहतर भविष्य में निवेश करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को न केवल अपने शरीर और मन में आने वाले परिवर्तनों को समझने में मदद मिली, बल्कि उनसे प्रभावी रूप से निपटने के उपाय भी सीखने का अवसर मिला। विद्यालय के परामर्श और मार्गदर्शन विभाग के प्रभारी श्रीमती मालाविका किशोर और गोपेन्द्र कुमार ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने छात्राओं को आत्म-सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव दिए। विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवर ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा छात्राओं को मजबूत, आत्मविश्वासी और जागरूक बनाना आज की आवश्यकता है। इस दिशा में यह कार्यशाला बेहद प्रभावी रही, जिससे छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कार्यशाला में योगदान देने के लिए विषय विशेषज्ञ श्रीमती दीप्ति बिंदल, परामर्श विभाग की प्रभारी श्रीमती मालाविका किशोर, गोपेन्द्र कुमार एवं पीएम कार्यक्रम के प्रभारी शुभम गर्ग का आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला ने छात्राओं को किशोरावस्था के बदलावों को बेहतर ढंग से समझने और उनका सामना करने के लिए तैयार किया, जिससे वे अपने भविष्य को अधिक सकारात्मक और आत्मनिर्भर दृष्टिकोण से देख सकेंगी। इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके आत्मबल को मजबूत करने में सहायक होते हैं।




# छिरहा में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हर साल 1 फरवरी को सरोजिनी नायडू के जन्मदिन पर मनाया जाता है। वे एक सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी, प्रतिभाशाली राष्ट्रीय नेता, एवं प्रसिद्ध कवि थी। महात्मा गांधी ने सरोजिनि नायडू को नाइटिंगेल ऑफ इंडिया अर्थात भारत कोकिला उपनाम दिया था। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और इक्कीस महीने तक जेल में रहीं। वे संविधान सभा का भी सदस्य रही। भारत की स्वतंत्रता के बाद 1947 में वे संयुक्त प्रान्त की राज्यपाल बनी, जिसे अब उत्तरप्रदेश के नाम से जाना जाता है। वे भारत की पहली महिला राज्यपाल थी। भारत की स्वतंत्रता के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता और महिलाओं के अधिकारियों के लिए उनकी वकालत आने वाले पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इस दौरान प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में एक मौत, एक घायल



**छुरिया।** जरहामहका और मगरधोखरा के बीच महाराजपुर रोड़ पर रोड़ एक्सिडेंट में धनेश्वर कंवर पिता स्व आनंदराम कंवर और शुभम कंवर पिता कनस राम निवासी महराजपुर घायल हो गए थे। उन्हे डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल शुभम कंवर पिता कनस राम कंवर की मौत हो गई। एक अन्य घायल धनेश्वर कुमार पिता स्व आनंदराम कंवर की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पेन्ड्री रेफर किया गया। दुर्घटना का कारण अज्ञात वाहन का ठोकर से होना बताया जा रहा है।

### खेल स्पर्धा आयोजित



**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य के निर्देशानुसार दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ प्राचार्य डां. बीएन मेश्राम एवं सहायक प्राध्यापक डॉ एके धामगाए ने किया। स्पर्धा की शुरुवात 80 मीटर दौड़ से की गई। स्पर्धा के बालक वर्ग में दालेश्वर एवं भूपेंद्र, बालिका वर्ग में देविका और लोचन पटेल ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान फ्राग जंप, बोरा दौड़, स्लो साइकल रेस, सटल रन, मेडिसिन बॉल थ्रो एवं रस्सी कूद आदि का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किया गया। स्पर्धा का संचालन रोशन पटेल ने किया।

### अज्ञात आरोपी चैन खींचकर भागे

**डोंगरगांव।** सेवतापारा वार्ड 6 निवासी तथा प्राथमिक शाला पहाटोला में पदस्थ शिक्षिका संगीता वैष्णव गत दिनों चैन स्नेचिंग की शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला पहाटोला में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती वैष्णव गत 8 फ़रवरी को दोपहर लगभग 12 बजे अपनी बेटी ख्याति वैष्णव और विशिता वैष्णव के साथ आरसीएम दुकान के सामने ख़डी थे। इसी दौरान मोटर सायकल जिसका अंतिम चार अंक 0493 में बैठे दो अज्ञात व्यक्ति आए और पीछे बैठा व्यक्ति उनकी बेटी की पहनी सोने के चैन खींच लिया और दोनों फरार हो गए। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 304, 3 5 के तहत जुर्म कायम कर लिया है। घटना के बाद आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

## निकाय चुनाव के परिणाम आएंगे कल, अटकलों का दौर जारी

# वोटरों का मूड भांपने जुटे दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मतदान के बाद भाजपा- कांग्रेस अपनी अपनी जीत का दावा कर रही है। वहीं कुछ वार्डों निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा और कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की स्थिति में है। अध्यक्ष पद के 4 निर्दलीय प्रत्याशियों में भुषण मेश्राम और मुकेश रामटेके की शहर में चर्चा है। हार जीत का फैसला आगामी 15 फरवरी को होगा। सट्टा बजार में अध्यक्ष एवं कुछ वार्डो में भाजपा की जीत को लेकर हल्ला है। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष पद के लिए 1 के बदले 4 से 5 रूपये तक का भाव चल रहा है। वार्ड 12 में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का दावा करते हुए दो गुना भाव मिल रहा है। वार्ड 17 में भाजपा के राकेश अग्रवाल और निर्दलीय संजय श्रीवास्तव के जीतने के दावा किया जा रहा है। वार्ड 13 में भाजपा- कांग्रेस सहित निर्दलीय के त्रिकोणीय मुकाबला है। वार्ड 11 में कांग्रेस प्रत्याशी के साथ समझौता होने की खबर के बाद भाजपा और निर्दलीय के बीच 50 से 100 वोट के बीच हार जीत होना बताया जा रहा है।

## अपने नजरिये से परिणाम के आंकलन कर रहे लोग

### नपं से कांग्रेस की बिदाई तयः अजय



**छुरिया।** अध्यक्ष पद के भाजपाा प्रत्याशी अजय पटेल ने निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में हुआ मतदान 15 वर्षों से नगर की सत्ता पर काबिज कांग्रेस की बिदाई तय करेगा। उन्होंने दावा कि नगर पंचायत में भाजपा के प्रत्याशी प्रचंड जीत हासिल करेंगे और ट्रिपल इंजन सरकार बनने से शहर का विकास तीन गुना रफ़्तार से होगा।

### काम के बदले कांग्रेस को मिले वोट



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष संध्या साहू ने निकाय चुनाव में बड़े अंतर के साथ कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने बताया कि विधायक दलेश्वर साहू की पहल से शहर में बिजली,पानी, नाली, सड़क निर्माण किया गया। वहीं शहर में गार्डन, ओपन जिम, सोलर मास्क लाइट, वाटर फाउंटेन, सांस्कृतिक भवन को अपग्रेड करने का कार्य कांग्रेस के कार्यकाल में किया जिसका फायदा निकाय चुनाव में देखने मिला और लोगों ने अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि निर्दलीय के कारण कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा।

### भाजपा को मिलेगा बहुमतः पटेल



**डोंगरगांव।** मतदान के बाद मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल ने भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि त्रिकोणीय मुकाबले के बाद भी भाजपा प्रत्याशी को लोगों का व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में कांग्रेस द्वारा 15 वर्षों में किए गए घटिया निर्माण, सड़क चौड़ीकरण में लेटलतीफी, मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी को देखते हुए लोगों ने कांग्रेस के विरूद्ध मतदान किया है। श्री पटेल ने कहा कि पीएम आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं से प्रभावित नागरिकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। मंडल अध्यक्ष श्री पटेल ने दावा किया है कि निकाय में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा काबिज होगी।

## अवैध कब्जा नहीं हटा तो चुनाव बहिष्कार करेंगे ग्रामीणजन



- धुसेरा के ग्रामीणों ने किया एसडीएम से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत धुसेरा में अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से शीघ्र अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी ग्रामीणों ने दिया है।

गत 12 फरवरी को धुसेरा के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुँचकर अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम से शिकायत किया है।

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि लोग जगह-जगह दुकान, मकान आदि के लिए शासकीय जमीन पर कब्जा कर रहे है। उन्होंने बताया कि पूर्व में शिकायत किया जा चुका है किन्तु अभी तक कार्यवाही नहीं हुआ है और अतिक्रमण करने का सिलसिला जारी है। परेशान ग्रामवासी ने अतिक्रमण को रोकने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने तय किया है कि प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है तो कोई भी व्यक्ति पंचायत चुनाव में मतदान नहीं करेगा।

## सुखरी में स्वच्छता जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

- ग्रामीणों को बताया अस्वच्छता के दुष्परिणाम

स्थानीय नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार शैक्षणिक विस्तार गतिविधि अंतर्गत 12 फरवरी को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की टीम ने निकटवर्ती ग्राम सुखरी में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामवासियों से स्वच्छता जागरूकता फार्म भरवाया तथा उपलब्ध सुविधाओं एवं स्वच्छता के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा कर उन्हे जागरूक किया गया। कालेज के ओमप्रकाश सहारे, दुष्यंत कुमार, चाँदनी पराते, सौम्या देवांगन, हनी ठक्कर आदि ने ग्रामीणों को अस्वच्छता के दुष्परिणामों और स्वच्छता के लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

इस अभियान में लक्ष्मी साहू, उपासना साहू, फलेश्वरी साहू, प्रियंका गोस्वामी, गुलाब साहू, शिव सोनकर, गीतेश लहरे, चन्द्रप्रकाश साहू आदि शामिल हुए।

## धान की राशि के लिए भटक रहे किसान

- खाते में राशि जमा नहीं होने से किसान हो रहे परेशान
- किसानों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय धान खरीदी केंद्र सहित मुसराकला, छीपा, मोहारा, ढारा, अछोली केंद्र में धान बेचने वाले किसानों को खरीदी बंद होने के बाद अब तक धान की राशि नहीं मिली है। धान बेचने वाले किसान राशि आहरण करने जब बैंक पहुंचते हैं तो पता चलता है कि राशि अब तक जमा नहीं हुई है जिससे उन्हे खाली हाथ लौटना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र में शादी की तैयारियां शुरू हो गई है। लोग निकट भविष्य में बेटा बेटी की शादी के लिए खरीददारी कर रहे हैं। राशि नहीं मिलने से किसान काफी परेशान हो रहे है। कुछ समिति वालों ने बताया कि शासन स्तर से राशि जमा नहीं किया गया है।

### खुले में पड़ा धान

समिति वाले धान के परिवहन को लेकर चिंतित हैं। धान खरीदी केंद्रों में हजारों बोरा धान खरीदी की समाप्ति के बाद भी खुले में पड़ा है। तापमान दिन ब दिन बढ़ने से सूखत की चिंता सताने लगी है। धान खरीदी थमे दस दिन से ज्यादा हो चुका है, इस बीच धान का उठाव होना चाहिए था लेकिन उठाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। अब भी हजारों बोरा धान समितियों में रखा है।

## अब लिमिट से राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सरकार ने धान की अंतर की राशि किसानों के खाते में जमा कर दिया है। राशि के आहरण के लिए किसान बैंक लगातार पहुंच रहे है और अपनी जरूरत के अनुसार राशि निकालना चाह रहे है किन्तु बैंक एक लिमिट में राशि का भुगतान कर रहा है। पर्याप्त राशि नहीं मिलने से किसान परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार किसान जब अपने खाते में जमा 1 लाख या 2 लाख या उससे अधिक राशि का आहरण करने बैंक पहुंच रहा है तो बैंक द्वारा कहा जा रहा है कि वह केवल 50 हजार तक निकाल सकता है। इरिमकसा निवासी फिरं रजक ने 78 का विड्राल भर कर बैंक में जमा किया तो उसे कहा गया कि अभी केवल 50 हजार तक का विड्राल भर कर जमा करे। उससे अधिक राशि नहीं मिलेगी। इसी प्रकार कटंगी निवासी रमेशकुमार ने 2.50 लाख, हनईबन के राजेन्द्र धुर्वे ने 1.75 लाख, जीराटोला के राजेश पटेल, सेतवा की उर्मिलाबाई ने 2 लाख से अधिक राशि आहरित करने विड्राल जमा किया तो उनका विड्राल को रिजेक्ट कर ते हुए केवल 50 हजार तक निकालने विड्राल भरने कहा गया। किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हे मात्र 50 हजार तक का विड्राल भरने को कहा जा रहा है जबकि प्रभावशाली लोगों को ज्यादा राशि का भुगतान किया जा रहा ह।



### सुविधा के लिए लिमिट तय

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा गंडई के मैनेजर योगेश्वर कुमार वर्मा ने बताया कि सभी किसानों को राशि मिल सके इसलिए 50 -50 हजार लिमिट तय किया गया था। विवाद की स्थिति को देखते हुए लिमिट हटा दिया गया है। अब जितना पैसा रहेगा उतने का विड्राल दिया जाएगा।

# भगवान से मांगे गुण, बनेंगे पूज्यनीय : समता सागर

**डोंगरगढ़।** समय का काल चक्र है कब किसके साथ कैसा घूम जाए कहा नहीं जा सकता। पूजा केवल पूज्य की जाती है और पूज्यता उनके गुणों से आती है। भक्त भगवान की पूजा इसलिए करता है कि ताकि वह भी एक दिन उनके समान बन सके। उक्ताशय के उदगार निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी में आयोजित प्रातः कालीन धर्म सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संसारी आत्माओं में जब रत्नात्रय के गुणों का प्रकटीकरण होता है तथा वह परम वंदनीय निर्ग्रन्थ मुद्रा की अवस्था में आते हैं तो ऐसे पांचों परमेष्ठी के स्वरुप में वर्तमान आचार्य, उपाध्याय तथा साधु परमेष्ठी की पूजा की जाती है। सभी लोग प्रतिदिन देव, शास्त्र, गुरु की पूजा में अरिहंत, सिद्ध, परमात्मा को देव का स्वरूप मानकर के उनके गुणों की पूजा करते है तथा अरिहंत भगवंतों की एवं तीर्थंकर केवलिओं की वाणी को आगम शास्त्र मानकर पूजते हैं। आचार्य, उपाध्याय और साधु तीनों गुरु की श्रेणी में आते हैं इसलिये सबकी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि भक्त भगवान की पूजा उनके अंदर के गुणों को पाने के लिए करता है।



### महिलाओं ने किया गुरूपूजन

प्रातः भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा के उपरांत आचार्य विद्यासागर जी मुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। इस अवसर पर महिला महासमिति ऊर्जा संभाग मुंबई की महिलाओं ने गुरुपूजन में अनन्य भक्ति का अनुराग प्रस्तुत किया इस अवसर पर गोटेगांव, बुढार, राजनांदगांव सहित अन्य जगहों के भक्त उपस्थित थे।

### भक्त गुण मांगता है भगवान से

उन्होंने बताया कि आचार्य गुरुदेव ने एक बार भक्त और भिखारी में अंतर बताते हुए कहा था कि भिखारी भगवान के द्वार जाकर भगवान से वह मांगता है जो भगवान ने छोड़ दिया है जबकि भक्त भगवान के द्वार पर जाकर कहता है कि हे भगवन आपने जो प्राप्त किया है वह मुझे भी प्राप्त हो अर्थात भक्त उनसे उनके गुणों को मांगता है इसलिये जैन परंपरा में भक्त को भक्त कहा जाता है। उस भक्त को यह भी विश्वास है कि मै भगवान से उनके गुणों को मांग तो रहा हू और यदि वह गुण न भी मिले तो पुण्य के योग से मुझे वह मिल जाएगा जो भगवान ने छोड़ा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## तीन दिवसीय नर्मदा महोत्सव का रंगारंग समापन

# मेला में दिखा आस्था और कला का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा में धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहयोग से तीन दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसका समापन बुधवार को हुआ। तीन दिन तक मंदिर परिसर दर्शनार्थियों से गुलजार रहा। वहीं ख्याति प्राप्त कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दिया। महोत्सव का समापन विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, सुरेन्द्र ठाकुर, लियाकत अली, घसियाराम, बिसाहूराम सिन्हा, श्रवण जंघेल थे। विधायक श्रीमती वर्मा ने नर्मदा मैया की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। तीन दिवसीय मेला महोत्सव के दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, कविता अशोक जंघेल, खम्हन ताम्रकार, निर्मला विजय वर्मा, ज्योति सुरेन्द्र जंघेल, कामदेव जंघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मंदिर पहुंचकर माता रानी का दर्शन एवं पूजन किया। हजारों लोगों ने पौराणिक मेला का आनंद लिया।





### कलाकार हुए सम्मानित

मंदिर समिति के अध्यक्ष बिसाहू राम सिन्हा ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जनप्रतिनिधि, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल, एसडीएम रेणुका रात्रे एवं अन्य का आभार व्यक्त किया। समिति एवं अतिथियों ने महोत्सव में शामिल होने वाले कलाकार नरेश वर्मा एवं पायल साहू का सम्मान किया गया। समापन मौके पर चिंहारी लोक मंजीरा रायपुर के कलाकारों ने समां बांधा। जिसका देर रात तक दर्शकों ने आनंद लिया।

### लोगों ने किया खरीददारी

तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव में झुला, जलपान, श्रृंगार, खिलौने, कपड़ा, फल आदि की दुकाने लगी थी। सभी दुकानों को कतार बद्ध लगाया गया था ताकि लोग आसानी से आवाजाही कर सकें। लोगों के खरीददारी करने से दुकानदार संतुष्ट रहे। तीन दिवसीय पुन्नी मेला में बीस हजार से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है। आयोजन में समिति के संरक्षक लाल टारकेश्वर साह खुसरो, बिसाहूराम सिन्हा, मोतीलाल जंघेल, सीताराम यादव, वीपी कोसरिया, चंदनलाल दसरिया, अनिल वर्मा, गयाराम जंघेल, अमृत मरकाम, अशोक साहू, प्यारेलाल साहू, डोगेन्द्र सोरी, गीताराम वर्मा, पवन पटेल, विशंभर पटेल, रमेश जंघेल, रजऊराम निषाद, गोवर्धन सिन्हा, मो. अजरूद्दीन हुसैन, मुन्ना पटेल, गुलशन चंदेल, गोकुल जंघेल, गजानंद सिन्हा, रवि जंघेल, तारण निषाद, तुके, अनुज, अग्रहित, दीनू पटेल, राहुल सिंह, गैंदूराम, संतकुमार, संतोष गोड़, चन्द्रभान वैष्णव, परशुराम, शिशुपाल, शिवप्रसाद, कोमल दुबे, सजनू, सुंदर, रूपलाल, गंगाराम, गोरेलाल जंघेल, ऋषभ सिन्हा, मुन्ना, जितम, गुलशन जंघेल आदि का सहयोग रहा।

### आस्था की लगी डुबकी

माघ पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा के जल कुंड में आस्था की डुबकी लगाने श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। बुधवार को सुबह होने से पहले ही कुंड में स्नान एवं माता रानी का दर्शन करने वालों की कतार लगना शुरू हो गई थी। दिन भर लोगों की आवाजाही रही। दोपहर से शाम तक भीड़ को व्यवस्थित करने पुलिस जवानों को काफी मशक्कत करना पड़ा। नर्मदा मंदिर के अलावा संतोषी मंदिर, शिव मंदिर, राम जानकी, राधा कृष्ण मंदिर, शाकम्भरी मंदिर में दिन भर दर्शनार्थियों की उपस्थिति रही।

## चल-चरखा केंद्र का लिया जायजा

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में पीएम उषा योजना अंतर्गत शुक्रवार को चंद्रगिरी चल-चरखा केंद्र का छात्राओं को भ्रमण किया। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चैधरी, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदानी एवं डॉ. नीता राजपूत सहित लगभग 50 छात्राएं भ्रमण में शामिल हुई। छात्राओं ने चल -चरखा केंद्र में वस्त्रों की बुनावट, बगरू, डाबू, ब्लॉक पेंटिंग, सिहोरी साड़ियां, हस्त निर्मित परिधान के साथ पर्स, बैग तथा विविध कलाकृतियों का अवलोकन किया। केन्द्र की दीदी गुंजन एवं नेहा ने छात्राओं को विविध जानकारी दी।

## बांधाबाजार में मानस महोत्सव आज से

**बांधाबाजार।** ग्राम में जय श्री बालाजी मानस मंच के तत्वावधान में आगामी 14 से 16 फरवरी तक मानस महोत्सव का आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। ग्रामवासियों के सहयोग से पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने आसपास से ग्राम वासियों से शामिल होने की अपील की है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

### अनदेखी: खनिज एवं वन विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

# धान कटाई के बाद जिले में फिर आई अवैध ईंट भट्ठों की बाढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सत्ता बदल गई, सरकार बदल गई लेकिन जिले सहित विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के वनांचल व अंदरूनी ईलाकों में धान कटाई के बाद खाली पड़े खेतों से लेकर वनभूमि पर बेखौफ ढंग से संचालित किए जा रहे अवैध ईंट भट्ठों पर लगाम लगते नहीं दिख रही है। आलम ये है कि ईंट भट्ठा संचालक बड़े ही बेखौफ ढंग से जल, जंगल और जमीन का दोहन कर न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि शासन को भी लाखों का चूना लगा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जिले का खनिज तथा वन विभाग इन अवैध ईंट भट्ठों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हर साल जिले सहित विकासखण्ड पंडरिया में एक बार फिर अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस बार भी विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दुल्लापुर, छीरपानी, झिंगराडोंगरी, कोदवा, बोड़तरा, मलकछरा, सनकपाट, सरईसेत, मंगली, टकटोईया, माठपुर, कामठी विकासखण्ड स. लोहारा के राम्हेपुर, छोटूपारा, कुटकीपारा, बचेड़ी, दैहानडिह, नवघटा, सिल्हाटी, बिडोरा, लाखाटोला, पीपरटोला, बानो पंचायत से सटे हुए जंगल, आमगॉव, जामगॉव, डोठमानवापारा, बासिनझोरी, गोछिया, गांगपुर, सोनपुरी, महराटोला, दनिया, जरहाटोला, भठैलाटोला, सेमरिया, चारभांठा, बिचारपुर, जमुनियां, बीरेन्द्र नगर, दारगॉव, दरिगवां, सहसपुर, सुरजपुरा जं., सिंघनपुरी, खोलवा, पवनतरा, भेण्ड्रा, भागूटोला सहित विकासखण्ड बोड़ला तथा कवर्धा के दर्जनो ग्रामों में अवैध ईंट भट्ठा का कारोबार शुरू हो गया है। हालांकि क्षेत्रवासियों के मुताबिक इन ग्रामों में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार कोई नई बात नहीं है, वर्षाकाल को छोड़कर शेष दिनो में यहां बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्ठा संचालित किए जाते हैं। संचालक सुलभता से संसाधन उपलब्ध कराने वाले जंगलों से लगे अपने खेतों की मिट्टी खोदकर तथा दिहाड़ी के मजदूर लगाकार कच्ची ईंटों का निर्माण कराते हैं और फिर आसपास के जंगलों से ईंट पकाने के लिए आसानी से लकड़ी का इंतजाम भी हो जाता है। संचालक बड़ी आसानी से और बिना रोकटोक पास के जंगलों में दाखिल होकर हरे-भरे पेड़ों को काटकर वहीं छोड़ देते हैं और पेड़ों के सूख जाने के बाद उन्हें भट्ठा तक लाकर भट्ठों में झोंक दिया जाता है। इसी प्रकार संचालक पानी के लिए या तो अपने खेतों में लगे मोटर पंप का उपयोग कर लेते हैं या फिर आसपास से बहने वाली नदी, नालों को बांध दिया जाता है और ईंट निर्माण के लिए पानी की व्यवस्था कर ली जाती है।

### वनभूमि पर चल रहे ईंट भट्ठे



कई बेखौफ ईंट भट्ठा संचालक को सीधे तौर पर वन विभाग के हिस्से के जल, जंगल और जमीन अथवा वनभूमि का उपयोग कर अवैध ईंट भट्ठा संचालित कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक विकासखण्ड पंडरिया और स. लोहारा के कई बीहड़ जंगल के भीतर अवैध ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा है। जहां न तो खनिज विभाग के अधिकारी पहुंच सकते और न ही वन विभाग के अधिकारी कभी झांकने जाते हैं। सूत्रो के मुताबिक विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम सहसपुर, बड़ौदा कला, बड़ौदा खुर्द, पवनतरा, सोनझरी, बचेड़ी, दैहानडिह जं. सहित अन्य ग्रामों की वनभूमि में भी अवैध ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा है।

### विभाग नहीं कर रहा है कार्रवाई

ऐसा नहीं है कि जिले के खनिज तथा वन विभाग के आला अधिकारियों को इन अवैध ईंट भट्ठो की जानकारी नहीं हैं। लेकिन सूत्रों की माने तो विभागीय अधिकारियों ने इस अवैध करोबार पर कार्रवाई करने की बजाए इसे अपनी कमाई का जरिया बना लिया है। जिसके एवज में एक प्रकार से संचालकों को अवैध ईंट भट्ठा संचालन की मूक स्वीकृति मिली हुई है। लोगों का तो यह भी मानना है कि इस अवैध कारोबार में वन विभाग तथा खनिज विभाग के अधिकारियों की हिस्सेदारी तय होने कारण ही आज ईंट के भाव आसमान छू रहे हैं।

### लोगों के बीच ईंटों की अच्छी मांग


यहां बताना लाजमी होगा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद एक बार फिर से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है और दी जा रही है। जिसके चलते ईंट की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि ईंट के इस अवैध करोबार में पहले से भी अधिक लोग जुड़ गए है और बड़े पैमाने में ईंटों का निर्माण कर उन्हें जरूरतमंदों को मनमाने दामों में बेंच रहे हैं।

# एक कहता है सबका साथ सबका विकास तो दूसरा कहता है बंटोगे तो कटोगेः स्वामी निश्चलानंद

- कवर्धा प्रवास पर पहुंचे स्वामी निश्चलानंद महाराज ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज चार दिवसीय प्रवास पर धर्म नगरी कवर्धा पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होने गुरूवार को यूनियन चौक स्थित आशीष, भावेश दुबे के निवास पर एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एक बार फिर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि यह देश सनातनियों का है, हिंदू राष्ट्र उनका अधिकार है। इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र जल्द घोषित किया जाना चाहिए। प्रेसवार्ता में शंकराचार्य महाराज ने राजनीति, धर्म, विज्ञान और कई धार्मिक मान्यताओं पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दिए तथा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। उन्होने सनातन धर्म गुरूओं के मतों में भेद को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि गुरूओं के मतों में कभी भेद नहीं होता, जिनके मतों में भेद होता है वे गुरू नहीं गुरूघंटाल होते हैं। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गुरू वह होता है जिसकी बात में वजन हो, गुरूत्व हो ऐसे गुरूओं की वाणी का कभी खण्डन नहीं होता।



गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने के एक सवाल के जवाब पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की मांग पर गंगा को भारत देश की राष्ट्रीय नदी घोषित किया है। लेकिन आज भी गंगा की स्थिति जस की तस है। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि शासन द्वारा घोषित विषय पर स्थिति स्पष्ट है। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने सनातन धर्म के मंदिरो पर मुस्लिमों के प्रवेश के सवाल पर कहा कि, इस प्रवेश को कौन रोकेगा?

सरकार कहती है कि यह आस्था का विषय है। फिर कश्मीर के कांग्रेसी नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने स्वीकार किया है कि हमारे पूर्वज कश्मीरी पंडित थे। पाकिस्तान से भी यह आवाज आई है कि हमारे पूर्वज क्षत्रिय थे, परिस्थितिवश मुस्लिम हो गए। उन्होने कहा कि जिन्ना और गांधी के बीच हुए समझौते के कारण देश का विभाजन हुआ और पाकिस्तान का गठन किया गया। लेकिन विभाजन के बाद भी जिन्ना की बेटी पाकिस्तान नहीं गई बल्कि मुंबई में बस गई जबकि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पाकिस्तान से भारत आ गए। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि यह सब राजनीति है। मोदी कहते है सबका साथ सबका विकास तो उन्हीं की पार्टी के दूसरे नेता योगी कहते हैं बंटोगे तो कटोगे। शंकराचार्य महाराज ने कहा कि दोनो एक जैसे है।

इन्हें हिन्दुओं के वोट की भी जरूरत है और मुस्लिम वोट की भी जरूरत है। इसलिए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देना, भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने जैसे विषयों पर विलंभ हो रहा है। पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अन्य कई विषयों पर भी पत्रकारों से चर्चा की।

# निकाय चुनाव की मतगणना को लेकर प्रत्याशियों की धड़कने तेज

- फैसले को अब सिर्फ 40 घंटे का ही समय शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वर्ष 2019 में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव की तरह इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में भी मतदान के बाद प्रत्याशियों को परिणामों को लेकर ज्यादा लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है और मतदान के मात्र चार दिनों के अंतराल में ही मतों की गणना की जा रही है।




जबकि वर्ष 2009 में नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान 23 दिसम्बर को किया गया था और मतगणना 27 दिसम्बर को की गई थी। इसी प्रकार वर्ष 2014 के नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान 31 दिसम्बर को किया गया था और परिणामों की घोषणा 4 जनवरी 2015 को की गई थी। लेकिन इस बार मतदान के बाद महज चार दिनो के अंतराल में ही परिणामों का ऐलान होने जा रहा है। जिसे लेकर मतदान के बाद भी मतदाताओं के रूख को भांपने में असमर्थ प्रत्याशियों की धड़कने घंटे दर घंटे करीब आते जा रही मतगणना की तिथि को लेकर बढ़ते जा रही हैं।

अपनी सांसे थामे बैठे इन प्रत्याशियों की किस्मत का फैलला होने में अब महज कुछ घंटे का समय ही शेष रह गया और कवर्धा, पंडरिया नगर पालिका सहित जिले की पांचों नगर पंचायतों के चुनावीरण में अपनी किस्मत आजमा रहे उम्मीदवार भगवान से यही दुआ मांग रहे हैं कि नतीजा उनकी मंशा के अनुरूप तथा उनके पक्ष में हो। गौरतलब है कि जिले की कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्डो से इस बार 71 पार्षद पद के उम्मीदवार और 4 अध्यक्ष पद के उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतरे थे। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, पिपरिया, स. लोहारा, बोड़ला तथा इंदौरी से भी बड़ी संख्या में अध्यक्ष पद तथा पार्षद पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई है।

बीते 11 फरवरी को कवर्धा नगर पालिका के 68.13 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया के 79.23 प्रतिशत, नगर पंचायत पिपरिया के 89.29 प्रतिशत, इंदौरी के 79.77 प्रतिशत, पाण्डातराई के 84.97 प्रतिशत, बोड़ला के 75.68 प्रतिशत तथा नगर पंचायत स. लोहारा के 81.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया और सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हीएम में कैद कर दी।

लेकिन विडंबना ये है कि जिले के नगरीय निकायों में मतदान के इन आंकड़ों को देखकर भी कोई भी प्रत्याशी अपनी सही स्थिति का आंकलन नहीं लगा पा रहा है और उसे बड़ी बेसर्बी से 15 फरवरी को होने वाली मतगणना का इंतजार है। यहां बताना लाजिमी होगा कि मतदाताओं के मिजाज और उस पर कुछ वार्डो में निर्दलीय प्रत्याशियों ने प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा दी है।

सूत्रों के मुताबिक कवर्धा नगर पालिका में वैसे तो मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच ही है। लेकिन इस बार का नगरीय निकाय चुनाव बीते चुनाव से कुछ हटकर है। क्योंकि इस बार नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष रूप में किया गया है। ऐसे में मतदाता ने किसे चुना है और किस पर भरोसा जताया है इसका फैसला 15 फरवरी को ही होगा।

माना जा रहा है कि तब तक नगरीय निकाय के चुनावीरण में उतरने वाले सभी महारथियों की धड़कने तेज ही रहने वाली है।

# मतगणना स्थल पर कड़ी निगरानी, बिना पास प्रवेश वर्जित

- 15 फरवरी को सुबह 7.00 बजे खोला जाएगा स्ट्रांग रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगरपालिका परिषद, कवर्धा के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ।

मतदान के उपरांत ईवीएम मशीनों को आचार्य पंथ श्री गृंध मुनिनाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। वहीं, निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र जिला कोषालय कबीरधाम के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 15 फरवरी को प्रातः 6.30 बजे जिला कोषालय का स्ट्रांग रूम खोला जाएगा, जहां से निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों को मतगणना स्थल तक लाया जाएगा। इसके बाद प्रातः 7.00 बजे ईवीएम मशीनों के स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। तत्पश्चात, प्रातः 9.00 बजे से मतगणना कार्य शुरू किया

### मतगणना स्थल पर विशेष निर्देश

रिटर्निंग ऑफिसर (नगरपालिका) कवर्धा ने बताया कि मतगणना के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति की जा रही है, इसके लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ दो पासपोर्ट साइज के फोटो संलग्न कर कार्यालय में जमा करने के लिए सूचना दी गई है, तथा पास भी जारी किए जा रहे है। मतगणना हाल में प्रवेश के लिए पास अनिवार्य किया गया है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बिना पास के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अभ्यर्थी स्वयं स्ट्रांग रूम खोलने के समय उपस्थित हो सकते हैं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु निर्देशित कर सकते हैं। मतगणना की प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपूर्ण कार्यवाही संपादित की जाएगी।

# कुण्डा में श्रीमद् भागवत कथा आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

कुण्डा के प्रतिष्ठित नागरिक कृष्णा चंद्राकर के निवास में 14 फरवरी शुक्रवार से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में आयोजक परिवार के सदस्य कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर 14 फरवरी से 22 फरवरी तक नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 14 फरवरी शुक्रवार को गोकर्ण माहात्म्य कथा, 15 फरवरी शनिवार को हिरण्याक्ष वध बाराह अवतार, 16 फरवरी रविवार को भरत चरित्र, 17 फरवरी सोमवार को समुद्र मंथन कथा, 18 फरवरी मंगलवार को रामावतार, कृष्ण जन्म की कथा, 19 फरवरी बुधवार को कृष्ण रुकमणि विवाह सोलह हजार एक सौ आठ विवाह कथा, 20 फरवरी गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा, 21 फरवरी शुक्रवार को दत्तात्रेय प्रसंग 24 गुरुओं की कथा तथा 22 फरवरी शनिवार को परीक्षित मोक्ष वार्षिक श्राद्ध पिण्डदान, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, हवन, भंडारा, विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

श्री चन्द्राकर ने कार्यक्रम में भागवत प्रवक्ता आचार्य पण्डित नूतन शर्मा, प्रायणकर्ता पण्डित शुभम शर्मा, परीक्षित दीपा अजय चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। कथा का समय दोपहर 02 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है।

# सभी सात नगरीय निकायों में महिला अधिकारी-कर्मचारी करेगी मतों की गणना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कबीरधाम जिले में पहली बार मतगणना कार्य पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। मतगणना आगामी 15 फरवरी को होगी। इसकी तैयारियां की जा रही है। मतगणना कार्य में लगे सभी महिला कर्मचारियो को आज मतगणना से जुड़े सभी निर्देशो को बताया गया एवं प्रशिक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस पहल के तहत जिले में मतगणना कार्य के लिए कुल 270 महिला गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के दौरान महिला कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए सहायक कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, ताकि मतगणना प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कहा कि इस पहल से महिला कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिला कर्मचारियों द्वारा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न की जाने वाली यह मतगणना न केवल मतदान प्रक्रिया की साख को और मजबूत करेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया और नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा एवं इंदौरी में 270 महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें से कवर्धा के लिए 60, पंडरिया के लिए 40, जबकि अन्य सभी निकायों के लिए 34-34 गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक नियुक्त किए गए हैं। । मतगणना कार्य के दौरान महिला कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग देने के लिए पुरुष सहायक कर्मियों की भी तैनाती की गई है, जिससे कार्य की गति और सफलता सुनिश्चित हो सके।

### युवा छात्राओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# नवोदय विद्यालय में किशोरावस्था जागरूकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला, कबीरधाम में किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को आत्म-जागरूकता के साथ-साथ आत्मविश्वास और लचीलापन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ श्रीमती दीप्ति बिंदल राजनांदगांव, ने छात्राओं को इस महत्वपूर्ण जीवन चरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता, भावनात्मक सशक्तिकरण और आत्म-छवि को सकारात्मक रूप से विकसित करने के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि बालिकाओं में निवेश करना बेहतर भविष्य में निवेश करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को न केवल अपने शरीर और मन में आने वाले परिवर्तनों को समझने में मदद मिली, बल्कि उनसे प्रभावी रूप से निपटने के उपाय भी सीखने का अवसर मिला। विद्यालय के परामर्श और मार्गदर्शन विभाग के प्रभारी श्रीमती मालाविका किशोर और गोपेन्द्र कुमार ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने छात्राओं को आत्म-सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव दिए। विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवर ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा छात्राओं को मजबूत, आत्मविश्वासी और जागरूक बनाना आज की आवश्यकता है। इस दिशा में यह कार्यशाला बेहद प्रभावी रही, जिससे छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कार्यशाला में योगदान देने के लिए विषय विशेषज्ञ श्रीमती दीप्ति बिंदल, परामर्श विभाग की प्रभारी श्रीमती मालाविका किशोर, गोपेन्द्र कुमार एवं पीएम कार्यक्रम के प्रभारी शुभम गर्ग का आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला ने छात्राओं को किशोरावस्था के बदलावों को बेहतर ढंग से समझने और उनका सामना करने के लिए तैयार किया, जिससे वे अपने भविष्य को अधिक सकारात्मक और आत्मनिर्भर दृष्टिकोण से देख सकेंगी। इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके आत्मबल को मजबूत करने में सहायक होते हैं।



# छिरहा में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हर साल 1 फरवरी को सरोजिनी नायडू के जन्मदिन पर मनाया जाता है। वे एक सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी, प्रतिभाशाली राष्ट्रीय नेता, एवं प्रसिद्ध कवि थी। महात्मा गांधी ने सरोजिनि नायडू को नाइटिंगेल ऑफ इंडिया अर्थात भारत कोकिला उपनाम दिया था। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और इक्कीस महीने तक जेल में रहीं। वे संविधान सभा का भी सदस्य रही। भारत की स्वतंत्रता के बाद 1947 में वे संयुक्त प्रान्त की राज्यपाल बनी, जिसे अब उत्तरप्रदेश के नाम से जाना जाता है। वे भारत की पहली महिला राज्यपाल थी। भारत की स्वतंत्रता के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता और महिलाओं के अधिकारियों के लिए उनकी वकालत आने वाले पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इस दौरान प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में एक मौत, एक घायल

**छुरिया।** जरहामहका और मगरधोखरा के बीच महाराजपुर रोड़ पर रोड़ एक्सिडेंट में धनेश्वर कंवर पिता स्व आनंदराम कंवर और शुभम कंवर पिता कनस राम निवासी महराजपुर घायल हो गए थे। उन्हे डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल शुभम कंवर पिता कनस राम कंवर की मौत हो गई। एक अन्य घायल धनेश्वर कुमार पिता स्व आनंदराम कंवर की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पेन्ड्री रेफर किया गया। दुर्घटना का कारण अज्ञात वाहन का ठोकर से होना बताया जा रहा है।



### खेल स्पर्धा आयोजित



**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य के निर्देशानुसार दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ प्राचार्य डां. बीएन मेश्राम एवं सहायक प्राध्यापक डॉ एके धामगाए ने किया। स्पर्धा की शुरुवात 80 मीटर दौड़ से की गई। स्पर्धा के बालक वर्ग में दालेश्वर एवं भूपेंद्र, बालिका वर्ग में देविका और लोचन पटेल ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान फ्राग जंप, बोरा दौड़, स्लो साइकल रेस, सटल रन, मेडिसिन बॉल थ्रो एवं रस्सी कूद आदि का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किया गया। स्पर्धा का संचालन रोशन पटेल ने किया।

### अज्ञात आरोपी चैन खींचकर भागे

**डोंगरगांव।** सेवतापारा वार्ड 6 निवासी तथा प्राथमिक शाला पहाटोला में पदस्थ शिक्षिका संगीता वैष्णव गत दिनों चैन स्नेचिंग की शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला पहाटोला में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती वैष्णव गत 8 फ़रवरी को दोपहर लगभग 12 बजे अपनी बेटी ख्याति वैष्णव और विशिता वैष्णव के साथ आरसीएम दुकान के सामने ख़डी थे। इसी दौरान मोटर सायकल जिसका अंतिम चार अंक 0493 में बैठे दो अज्ञात व्यक्ति आए और पीछे बैठा व्यक्ति उनकी बेटी की पहनी सोने के चैन खींच लिया और दोनों फरार हो गए। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 304, 3 5 के तहत जुर्म कायम कर लिया है। घटना के बाद आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

## निकाय चुनाव के परिणाम आएंगे कल, अटकलों का दौर जारी

# वोटरों का मूड भांपने जुटे दल

## अपने नजरिये से परिणाम के आंकलन कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मतदान के बाद भाजपा- कांग्रेस अपनी अपनी जीत का दावा कर रही है। वहीं कुछ वार्डों निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा और कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की स्थिति में है। अध्यक्ष पद के 4 निर्दलीय प्रत्याशियों में भुषण मेश्राम और मुकेश रामटेके की शहर में चर्चा है। हार जीत का फैसला आगामी 15 फरवरी को होगा। सट्टा बजार में अध्यक्ष एवं कुछ वार्डो में भाजपा की जीत को लेकर हल्ला है। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष पद के लिए 1 के बदले 4 से 5 रूपये तक का भाव चल रहा है। वार्ड 12 में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का दावा करते हुए दो गुना भाव मिल रहा है। वार्ड 17 में भाजपा के राकेश अग्रवाल और निर्दलीय संजय श्रीवास्तव के जीतने के दावा किया जा रहा है। वार्ड 13 में भाजपा- कांग्रेस सहित निर्दलीय के त्रिकोणीय मुकाबला है। वार्ड 11 में कांग्रेस प्रत्याशी के साथ समझौता होने की खबर के बाद भाजपा और निर्दलीय के बीच 50 से 100 वोट के बीच हार जीत होना बताया जा रहा है।

### नपं से कांग्रेस की बिदाई तयः अजय



**छुरिया।** अध्यक्ष पद के भाजपाा प्रत्याशी अजय पटेल ने निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में हुआ मतदान 15 वर्षों से नगर की सत्ता पर काबिज कांग्रेस की बिदाई तय करेगा। उन्होंने दावा कि नगर पंचायत में भाजपा के प्रत्याशी प्रचंड जीत हासिल करेंगे और ट्रिपल इंजन सरकार बनने से शहर का विकास तीन गुना रफ़्तार से होगा।

### काम के बदले कांग्रेस को मिले वोट



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष संध्या साहू ने निकाय चुनाव में बड़े अंतर के साथ कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने बताया कि विधायक दलेश्वर साहू की पहल से शहर में बिजली,पानी, नाली, सड़क निर्माण किया गया। वहीं शहर में गार्डन, ओपन जिम, सोलर मास्क लाइट, वाटर फाउंटेन, सांस्कृतिक भवन को अपग्रेड करने का कार्य कांग्रेस के कार्यकाल में किया जिसका फायदा निकाय चुनाव में देखने मिला और लोगों ने अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि निर्दलीय के कारण कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा।

### भाजपा को मिलेगा बहुमतः पटेल



**डोंगरगांव।** मतदान के बाद मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल ने भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि त्रिकोणीय मुकाबले के बाद भी भाजपा प्रत्याशी को लोगों का व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में कांग्रेस द्वारा 15 वर्षों में किए गए घटिया निर्माण, सड़क चौड़ीकरण में लेटलतीफी, मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी को देखते हुए लोगों ने कांग्रेस के विरूद्ध मतदान किया है। श्री पटेल ने कहा कि पीएम आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं से प्रभावित नागरिकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। मंडल अध्यक्ष श्री पटेल ने दावा किया है कि निकाय में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा काबिज होगी।

## अवैध कब्जा नहीं हटा तो चुनाव बहिष्कार करेंगे ग्रामीणजन



- धुसेरा के ग्रामीणों ने किया एसडीएम से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत धुसेरा में अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से शीघ्र अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी ग्रामीणों ने दिया है।

गत 12 फरवरी को धुसेरा के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुँचकर अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम से शिकायत किया है।

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि लोग जगह-जगह दुकान, मकान आदि के लिए शासकीय जमीन पर कब्जा कर रहे है। उन्होंने बताया कि पूर्व में शिकायत किया जा चुका है किन्तु अभी तक कार्यवाही नहीं हुआ है और अतिक्रमण करने का सिलसिला जारी है। परेशान ग्रामवासी ने अतिक्रमण को रोकने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने तय किया है कि प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है तो कोई भी व्यक्ति पंचायत चुनाव में मतदान नहीं करेगा।

## सुखरी में स्वच्छता जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

- ग्रामीणों को बताया अस्वच्छता के दुष्परिणाम

स्थानीय नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार शैक्षणिक विस्तार गतिविधि अंतर्गत 12 फरवरी को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की टीम ने निकटवर्ती ग्राम सुखरी में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामवासियों से स्वच्छता जागरूकता फार्म भरवाया तथा उपलब्ध सुविधाओं एवं स्वच्छता के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा कर उन्हे जागरूक किया गया। कालेज के ओमप्रकाश सहारे, दुष्यंत कुमार, चाँदनी पराते, सौम्या देवांगन, हनी ठक्कर आदि ने ग्रामीणों को अस्वच्छता के दुष्परिणामों और स्वच्छता के लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

इस अभियान में लक्ष्मी साहू, उपासना साहू, फलेश्वरी साहू, प्रियंका गोस्वामी, गुलाब साहू, शिव सोनकर, गीतेश लहरे, चन्द्रप्रकाश साहू आदि शामिल हुए।

## धान की राशि के लिए भटक रहे किसान

- खाते में राशि जमा नहीं होने से किसान हो रहे परेशान
- किसानों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय धान खरीदी केंद्र सहित मुसराकला, छीपा, मोहारा, ढारा, अछोली केंद्र में धान बेचने वाले किसानों को खरीदी बंद होने के बाद अब तक धान की राशि नहीं मिली है। धान बेचने वाले किसान राशि आहरण करने जब बैंक पहुंचते हैं तो पता चलता है कि राशि अब तक जमा नहीं हुई है जिससे उन्हे खाली हाथ लौटना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र में शादी की तैयारियां शुरू हो गई है। लोग निकट भविष्य में बेटा बेटी की शादी के लिए खरीददारी कर रहे हैं। राशि नहीं मिलने से किसान काफी परेशान हो रहे है। कुछ समिति वालों ने बताया कि शासन स्तर से राशि जमा नहीं किया गया है।

### खुले में पड़ा धान

समिति वाले धान के परिवहन को लेकर चिंतित हैं। धान खरीदी केंद्रों में हजारों बोरा धान खरीदी की समाप्ति के बाद भी खुले में पड़ा है। तापमान दिन ब दिन बढ़ने से सूखत की चिंता सताने लगी है। धान खरीदी थमे दस दिन से ज्यादा हो चुका है, इस बीच धान का उठाव होना चाहिए था लेकिन उठाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। अब भी हजारों बोरा धान समितियों में रखा है।

## अब लिमिट से राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सरकार ने धान की अंतर की राशि किसानों के खाते में जमा कर दिया है। राशि के आहरण के लिए किसान बैंक लगातार पहुंच रहे है और अपनी जरूरत के अनुसार राशि निकालना चाह रहे है किन्तु बैंक एक लिमिट में राशि का भुगतान कर रहा है। पर्याप्त राशि नहीं मिलने से किसान परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार किसान जब अपने खाते में जमा 1 लाख या 2 लाख या उससे अधिक राशि का आहरण करने बैंक पहुंच रहा है तो बैंक द्वारा कहा जा रहा है कि वह केवल 50 हजार तक निकाल सकता है। इरिमकसा निवासी फिरं रजक ने 78 का विड्राल भर कर बैंक में जमा किया तो उसे कहा गया कि अभी केवल 50 हजार तक का विड्राल भर कर जमा करे। उससे अधिक राशि नहीं मिलेगी। इसी प्रकार कटंगी निवासी रमेशकुमार ने 2.50 लाख, हनईबन के राजेन्द्र धुर्वे ने 1.75 लाख, जीराटोला के राजेश पटेल, सेतवा की उर्मिलाबाई ने 2 लाख से अधिक राशि आहरित करने विड्राल जमा किया तो उनका विड्राल को रिजेक्ट कर ते हुए केवल 50 हजार तक निकालने विड्राल भरने कहा गया। किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हे मात्र 50 हजार तक का विड्राल भरने को कहा जा रहा है जबकि प्रभावशाली लोगों को ज्यादा राशि का भुगतान किया जा रहा ह।



### सुविधा के लिए लिमिट तय

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा गंडई के मैनेजर योगेश्वर कुमार वर्मा ने बताया कि सभी किसानों को राशि मिल सके इसलिए 50 -50 हजार लिमिट तय किया गया था। विवाद की स्थिति को देखते हुए लिमिट हटा दिया गया है। अब जितना पैसा रहेगा उतने का विड्राल दिया जाएगा।

## भगवान से मांगे गुण, बनेंगे पूज्यनीय : समता सागर

**डोंगरगढ़।** समय का काल चक्र है कब किसके साथ कैसा घूम जाए कहा नहीं जा सकता। पूजा केवल पूज्य की जाती है और पूज्यता उनके गुणों से आती है। भक्त भगवान की पूजा इसलिए करता है कि ताकि वह भी एक दिन उनके समान बन सके। उक्ताशय के उदगार निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी में आयोजित प्रातः कालीन धर्म सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संसारी आत्माओं में जब रत्नात्रय के गुणों का प्रकटीकरण होता है तथा वह परम वंदनीय निर्ग्रन्थ मुद्रा की अवस्था में आते हैं तो ऐसे पांचों परमेष्ठी के स्वरुप में वर्तमान आचार्य, उपाध्याय तथा साधु परमेष्ठी की पूजा की जाती है। सभी लोग प्रतिदिन देव, शास्त्र, गुरु की पूजा में अरिहंत, सिद्ध, परमात्मा को देव का स्वरूप मानकर के उनके गुणों की पूजा करते है तथा अरिहंत भगवंतों की एवं तीर्थंकर केवलिओं की वाणी को आगम शास्त्र मानकर पूजते हैं। आचार्य, उपाध्याय और साधु तीनों गुरु की श्रेणी में आते हैं इसलिये सबकी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि भक्त भगवान की पूजा उनके अंदर के गुणों को पाने के लिए करता है।



### महिलाओं ने किया गुरूपूजन

प्रातः भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा के उपरांत आचार्य विद्यासागर जी मुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। इस अवसर पर महिला महासमिति ऊर्जा संभाग मुंबई की महिलाओं ने गुरुपूजन में अनन्य भक्ति का अनुराग प्रस्तुत किया इस अवसर पर गोटेगांव, बुढार, राजनांदगांव सहित अन्य जगहों के भक्त उपस्थित थे।

### भक्त गुण मांगता है भगवान से

उन्होंने बताया कि आचार्य गुरुदेव ने एक बार भक्त और भिखारी में अंतर बताते हुए कहा था कि भिखारी भगवान के द्वार जाकर भगवान से वह मांगता है जो भगवान ने छोड़ दिया है जबकि भक्त भगवान के द्वार पर जाकर कहता है कि हे भगवन आपने जो प्राप्त किया है वह मुझे भी प्राप्त हो अर्थात भक्त उनसे उनके गुणों को मांगता है इसलिये जैन परंपरा में भक्त को भक्त कहा जाता है। उस भक्त को यह भी विश्वास है कि मै भगवान से उनके गुणों को मांग तो रहा हूं और यदि वह गुण न भी मिले तो पुण्य के योग से मुझे वह मिल जाएगा जो भगवान ने छोड़ा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविज़ुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## तीन दिवसीय नर्मदा महोत्सव का रंगारंग समापन

# मेला में दिखा आस्था और कला का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा में धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहयोग से तीन दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसका समापन बुधवार को हुआ। तीन दिन तक मंदिर परिसर दर्शनार्थियों से गुलजार रहा। वहीं ख्याति प्राप्त कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दिया। महोत्सव का समापन विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, सुरेन्द्र ठाकुर, लियाकत अली, घसियाराम, बिसाहूराम सिन्हा, श्रवण जंघेल थे। विधायक श्रीमती वर्मा ने नर्मदा मैंया की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। तीन दिवसीय मेला महोत्सव के दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, कविता अशोक जंघेल, खम्हन ताम्रकार, निर्मला विजय वर्मा, ज्योति सुरेन्द्र जंघेल, कामदेव जंघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मंदिर पहुंचकर माता रानी का दर्शन एवं पूजन किया। हजारों लोगों ने पौराणिक मेला का आनंद लिया।





### कलाकार हुए सम्मानित

मंदिर समिति के अध्यक्ष बिसाहू राम सिन्हा ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जनप्रतिनिधि, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल, एसडीएम रेणुका रात्रे एवं अन्य का आभार व्यक्त किया। समिति एवं अतिथियों ने महोत्सव में शामिल होने वाले कलाकार नरेश वर्मा एवं पायल साहू का सम्मान किया गया। समापन मौके पर चिंहारी लोक मंजीरा रायपुर के कलाकारों ने समां बांधा। जिसका देर रात तक दर्शकों ने आनंद लिया।

### लोगों ने किया खरीददारी

तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव में झुला, जलपान, श्रृंगार, खिलौने, कपड़ा, फल आदि की दुकाने लगी थी। सभी दुकानों को कतार बद्ध लगाया गया था ताकि लोग आसानी से आवाजाही कर सकें। लोगों के खरीददारी करने से दुकानदार संतुष्ट रहे। तीन दिवसीय पुन्नी मेला में बीस हजार से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है। आयोजन में समिति के संरक्षक लाल टारकेश्वर साह खुसरो, बिसाहूराम सिन्हा, मोतीलाल जंघेल, सीताराम यादव, वीपी कोसरिया, चंदनलाल दसरिया, अनिल वर्मा, गयाराम जंघेल, अमृत मरकाम, अशोक साहू, प्यारेलाल साहू, डोगेन्द्र सोरी, गीताराम वर्मा, पवन पटेल, विशंभर पटेल, रमेश जंघेल, रजऊराम निषाद, गोवर्धन सिन्हा, मो. अजरूद्दीन हुसैन, मुन्ना पटेल, गुलशन चंदेल, गोकुल जंघेल, गजानंद सिन्हा, रवि जंघेल, तारण निषाद, तुके, अनुज, अग्रहित, दीनू पटेल, राहुल सिंह, गैंदूराम, संतकुमार, संतोष गोड़, चन्द्रभान वैष्णव, परशुराम, शिशुपाल, शिवप्रसाद, कोमल दुबे, सजनू, सुंदर, रूपलाल, गंगाराम, गोरेलाल जंघेल, ऋषभ सिन्हा, मुन्ना, जितम, गुलशन जंघेल आदि का सहयोग रहा।

### आस्था की लगी डुबकी

माघ पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा के जल कुंड में आस्था की डुबकी लगाने श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। बुधवार को सुबह होने से पहले ही कुंड में स्नान एवं माता रानी का दर्शन करने वालों की कतार लगना शुरू हो गई थी। दिन भर लोगों की आवाजाही रही। दोपहर से शाम तक भीड़ को व्यवस्थित करने पुलिस जवानों को काफी मशक्क्त करना पड़ा। नर्मदा मंदिर के अलावा संतोषी मंदिर, शिव मंदिर, राम जानकी, राधा कृष्ण मंदिर, शाकम्भरी मंदिर में दिन भर दर्शनार्थियों की उपस्थिति रही।

### चल-चरखा केंद्र का लिया जायजा

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में पीएम उषा योजना अंतर्गत शुक्रवार को चंद्रगिरी चल-चरखा केंद्र का छात्राओं को भ्रमण किया। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चैधरी, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदानी एवं डॉ. नीता राजपूत सहित लगभग 50 छात्राएं भ्रमण में शामिल हुई। छात्राओं ने चल -चरखा केंद्र में वस्त्रों की बुनावट, बगरू, डाबू, ब्लॉक पेंटिंग, सिहोरी साड़ियां, हस्त निर्मित परिधान के साथ पर्स, बैग तथा विविध कलाकृतियों का अवलोकन किया। केन्द्र की दीदी गुंजन एवं नेहा ने छात्राओं को विविध जानकारी दी।

### बांधाबाजार में मानस महोत्सव आज से

**बांधाबाजार।** ग्राम में जय श्री बालाजी मानस मंच के तत्वावधान में आगामी 14 से 16 फरवरी तक मानस महोत्सव का आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। ग्रामवासियों के सहयोग से पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने आसपास से ग्राम वासियों से शामिल होने की अपील की है।

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता

Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव